

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*यदि हवाएं मौसम की गर्मी समाप्त कर सकती हैं, तो विश्वास कीजिए की दुआएं भी मुसीबत के पल खत्म कर सकती हैं..*

वर्ष : 16 अंक : 301 | उज्जैन, सोमवार 13 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

# बेटियों और बहनों के विकास से ही होगा समग्र विकास संभव : मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री श्री मोदी ने की है नारी सशक्तिकरण की सशक्त पहल

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बेटियों और बहनों के विकास के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वतंत्रता के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार नारी सशक्तिकरण का बड़ा कार्य इसी माह होने जा रहा है। अब लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संसद की विशेष तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हमारी सरकार अब तक लाड़ली बहन योजना के माध्यम से बहनों को 55 हजार करोड़ से अधिक राशि दे चुकी है। आज आष्टा से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये अंतरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मातृ सत्ता की व्यवस्था है। अब प्रदेश में हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के आष्टा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त की राशि 1836 करोड़ रुपये हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित किये।

महाविद्यालयीन और विद्यालयीन छात्राओं के लिए तीन शिक्षण संस्थाओं में नई सौगात- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आष्टा की छात्राओं के लिए आज विशेष सौगात का दिन है। मुख्यमंत्री ने कन्या महाविद्यालय और कन्या विद्यालय में छात्रावास के साथ कन्या विद्यालय के भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बेटियों को अच्छे से अच्छी शिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीहोर जिले के आष्टा में आज त्रिवेणी संगम है। आष्टा मां पार्वती नदी की उद्गम स्थली है। यहां के सांदीपनि विद्यालयों में 90 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर आए हैं। राज्य सरकार विद्यार्थियों को 4 लाख साइकिलें वितरित कर रही है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूल टॉपर बच्चों को स्कूटी दी जा रही है।

किसान कल्याण को प्राथमिकता- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष मनाने का निर्णय लिया। किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों के लिए अकेले दो साल में लगभग 10 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ गया है। गेहूं पर 40 रुपए बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल खरीद की जा रही है। अब गांवों में 24 घंटे बिजली सप्लाई कर किसानों को दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली दे रहे हैं। सिर्फ 5 रुपए में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां हैं। अकेले सीहोर में 1 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की दीदियां हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की 65 लाख से अधिक बहनें सशक्त हुई हैं। राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह के लिए 55 हजार रुपए की राशि दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 184 करोड़ की लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। इनमें आष्टा एवं जावर में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं में पात्र लोगों को हितलाभ भी वितरित किये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कीं ये घोषणाएं- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टा में नवीन आईटीआई की स्थापना, महाविद्यालय में कन्या छात्रावास निर्माण, नाला निर्माण, जावर में शहरी सौंदर्यीकरण, जिला स्तरीय अनुसूचित बालक-बालिका छात्रावास निर्माण और आष्टा में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नवीन भवन निर्माण, जावर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने, गुराड़िया खुर्द बैराज निर्माण, दूधी नदी पर नय बैराज, नहर निर्माण, गीता भवन बनाने की घोषणा की।

सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों से किया वादा पूरा करते हुए लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपए की, यह राशि आगे बढ़ती जाएगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश की बहनों को राजनीतिक रूप से सशक्त कर रहे हैं। बहनों को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने के लिए इसी माह 16 अप्रैल से लोकसभा का सत्र आयोजित किया जाएगा। विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में आष्टा को लगातार सौगातें मिल रही हैं। यहां दो नवीन सांदीपनि विद्यालय, एसडीएम कार्यालय, महाविद्यालय छात्रावास, 54 सामुदायिक भवन और अनेक सड़कों का लोकार्पण हुआ है। महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री सुदेश राय, विधायक श्री उमाकांत भार्गव सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित थीं।

दो किलोमीटर लंबे रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब- आष्टा नगर में रविवार को उस वक्त एक ऐतिहासिक और अभिभूत कर देने वाला दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत में नागरिकों ने पलक पावड़े बिछाकर उनका अभिनंदन किया। पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा और हर वर्ग के लोगों ने अपार उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं का अपमान कर रहीं सेंट्रल फोर्सेस; ममता बनर्जी के तीखे आरोप, बोलीं- बंगाल को बांटने की साजिश



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर अब राजनीति तेज हो गई है। सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल को तीन हिस्सों में बांटना चाहती है और उसके कुछ हिस्सों को बिहार और ओडिशा में शामिल करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों को दूसरे राज्यों में शामिल करके वहां रहने वाले बंगालियों को परेशान किया जाएगा। इतना ही नहीं ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के लिए तैनात केंद्रीय सुरक्षा बल जांच के नाम पर महिलाओं का अपमान कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में चुनावी रैलियों को संबोधित करने पहुंची ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा पश्चिम बंगाल को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन विधेयक लाने की योजना बना रही है। इससे पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से बिहार या ओडिशा में विलय हो सकते हैं और वहां के बंगालियों को परेशानी हो सकती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने टीएमसी को बंगाल की सत्ता से हटाने के लिए एक हजार करोड़ की डील की है। उन्होंने आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर के एक वायरल वीडियो का स्पष्ट रूप से जिक्र किया, जिसमें कथित तौर पर उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि वे ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने के लिए सुवेंदु अधिकारी सहित भाजपा नेताओं के साथ निकट संपर्क में थे और उन्होंने टीएमसी को हराने के लिए अल्पसंख्यक वोटों को विभाजित करने के 1,000 करोड़ रुपये के सौदे के अग्रिम भुगतान के रूप में 200 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे।


### तृणमूल सरकार ने मदरसों के लिए 6 हजार करोड़ रुपये दिए, मगर...



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर रविवार को जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने पूर्वोत्तर को देश के शेष भाग से अलग करने के लिए रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर को काटने की धमकी दी थी और टीएमसी ने अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण सड़कों से लेकर संसद तक उन्हें समर्थन दिया। उत्तरी शहर सिलीगुड़ी के कावाखाली मैदान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार के रूप में काम करने वाले इस कॉरिडोर को बड़े पैमाने पर विकसित करने के लिए काम कर रही है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया, देश में टुकड़े-टुकड़े गिरोह सक्रिय है, जिसने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को काटने की धमकी दी। वे पूर्वोत्तर को देश से अलग करना चाहते हैं। तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त तृणमूल कांग्रेस, सड़कों से लेकर संसद तक ऐसे लोगों का समर्थन करती है। यही तृणमूल का असली चेहरा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि तृणमूल सरकार ने मदरसों के विकास के लिए 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, लेकिन पूरे उत्तर बंगाल के लिए अपर्याप्त धनराशि आवंटित की गई। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, तृणमूल आदिवासी-विरोधी, महिला-विरोधी और युवा-विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता में दिख रहे जोश ने उन्हें आश्वस्त कर दिया है कि आगामी चुनावों में तृणमूल की हार निश्चित है। राज्य में दो चरण में मतदान होगा। सिलीगुड़ी में पहले चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरा चरण 29 अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को होगी। नरेंद्र मोदी ने लोगों से डबल इंजन सरकार के लिए वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि बंगाल में विकास की गति दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल ने अपने 15 साल के कार्यकाल में राज्य को बर्बाद कर दिया और केंद्र सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन रोक दिया, जिसके चलते 25 प्रतिशत से भी कम काम पूरा हुआ है।

## सड़क हादसे में घायल हुई महिला, अस्पताल ले जाने के नाम पर की गई छेड़छाड़... केरल में हुई शर्मनाक घटना

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केरल के कायमकुलम में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां सड़क हादसे में घायल एक महिला ने आरोप लगाया है कि अस्पताल ले जाते समय एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, यह घटना 4 अप्रैल की रात करीब 12.45 बजे की है, जब 25 वर्षीय महिला अपने परिवार के साथ एक तीर्थ यात्रा से लौट रही थी। इसी दौरान उनकी गाड़ी कायमकुलम के केपीएसी जंक्शन के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल परिवार की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की। इन्हीं में एक व्यक्ति भी शामिल था, जिसकी पहचान सिनिल साबद के रूप में हुई है।

अस्पताल ले जाते समय लगाया आरोप- महिला का आरोप है कि अस्पताल ले जाते समय सिनिल साबद ने उसके साथ गलत व्यवहार किया और उसे अनुचित तरीके से छुआ। पुलिस के मुताबिक, महिला ने यह बात अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों को बताई, जिसके बाद डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस जांच में लापरवाही बरत रही है। उसका कहना है कि अब तक उसका विस्तृत बयान दर्ज नहीं किया गया है और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया, जिससे मामले को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

कायमकुलम पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी को लेकर फैसला जांच पूरी होने के बाद लिया जाएगा।

वहीं, राज्य के पुलिस प्रमुख रावदा ए चंद्रशेखर ने इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। साथ ही, जांच में किसी तरह की लापरवाही की आशंका को देखते हुए आंतरिक जांच भी शुरू कर दी गई है, जिसकी रिपोर्ट दो दिनों में सौंपी जाएगी।

## मासूम शर्मा ने स्टेज से दी गालियां, पुलिस में शिकायत, हरियाणा महिला आयोग ने लिया संज्ञान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में डीएवी कॉलेज में आयोजित छात्रसंघ समारोह के दौरान उन्होंने स्टेज से आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल करने किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। आरोप है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जाने के बाद मासूम शर्मा ने मंच से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। चार पार्षदों ने नेहरू कालोनी थाने में सिंगर मासूम शर्मा के खिलाफ शिकायत दी है। डालनवाला थाने में भी शिकायत दी है। हरियाणवी गायक मासूम शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस नेता सुधांशु नोडियाल श्रीनगर कोतवाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि सिंगर ने अभद्र भाषा और गाली-गलौज का प्रयोग किया गया, जो देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के खिलाफ है। अब इस मामले में हरियाणा महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है। महिला आयोग ने हरियाणवी गायक मासूम शर्मा को नोटिस जारी करते हुए 18 अप्रैल को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## कभी छुट्टी देने से मना नहीं किया, आशा भोसले के स्टाफ ने बताई

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मशहूर गायिका आशा भोसले का आज रविवार, 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। आशा भोसले के निधन के बाद फिल्मी दुनिया से जुड़े लोगों के साथ ही उनके निजी जीवन से जुड़े लोग भी गम में डूबे हैं।



आशा भोसले के साथ लंबे समय से उनके घरेलू काम में मदद करने वाले और सहयोगियों ने गायिका से जुड़ी अपनी निजी यादें साझा की हैं।

महान गायिका आशा भोसले के निधन पर आज हर कोई शोक में डूबा है और उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। इस बीच दिल को छू लेने वाली श्रद्धांजलि उन लोगों की ओर से आ रही हैं जो उन्हें लाइमलाइट से दूर, निजी जीवन में जानते थे यानी उनके घरेलू स्टाफ और करीबी सहयोगी।

आशा भोसले अपने पीछे न केवल एक समृद्ध संगीत विरासत छोड़ गई हैं, बल्कि दयालुता और विनम्रता की यादें भी। आशा भोसले ने हर किसी को दिया सम्मान- सुनाम साल्वे, जिन्होंने भोसले के घर पर चार दशकों से भी ज्यादा समय तक काम किया, वो उन्हें एक दयालु मालकिन के रूप में याद करती हैं। साल्वे ने कहा, मैंने उनके घर पर लगभग 40 साल तक काम किया। वो हमेशा मेरे साथ सम्मान से पेश आईं। मेरे जैसे व्यक्ति के लिए, जो एक गरीब पृष्ठभूमि से आता है, इसका मतलब सब कुछ था।

साल्वे ने आगे कहा, जब मुझे पता चला कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, तो मैं बहुत चिंतित हो गई थी। आज सुबह मुझे उनके निधन के बारे में पता चला, यह बेहद दुखद है। वह एक बार मेरे गांव भी आई थीं और उन्होंने कभी भी मुझे छुट्टी देने से मना नहीं किया।

## लखनऊ में मेट्रो ट्रेन के आगे कूदी युवती, आलमबाग स्टेशन पर हुई घटना

**लखनऊ/ जीएनएस।** मेट्रो ट्रेन के सामने एक युवती ने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना के बाद मेट्रो आपरेटर ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। मेट्रो रुकी तो गंभीर रूप से घायल युवती को निकाला गया।



युवती को आनन-फानन में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बेहोश होने के कारण युवती की पहचान नहीं हो पा रही है। माना जा रहा है कि मेट्रो के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास करने की यह पहली घटना है। इस घटना के बाद यूपीएमआरसी ने लखनऊ सहित आगरा और कानपुर मेट्रो के लिए भी अलर्ट जारी कर दिया है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला है कि एक युवती दोपहर करीब 12 बजे ट्रांसपोर्टनगर स्टेशन से मेट्रो में बैठती है। उसके पास ट्रांसपोर्टनगर से चारबाग तक का टिकट भी था। आलमबाग मेट्रो पहुंचकर युवती उतर गई। इसके बाद दो और मेट्रो के गुजर जाने का इंतजार किया।

दोपहर करीब 12.30 बजे तीसरी मेट्रो जब एयरपोर्ट की तरफ से आयी तो युवती ने पीली लाइन पार करते हुए अचानक छलांग लगा दी। इससे पहले कि सुरक्षाकर्मी रोक पाता युवती मेट्रो के नीचे आ गई।

## बाबा अमरनाथ की यात्रा 3 जुलाई से शुरू, यात्रियों को मिलेगा 10 लाख का दुर्घटना बीमा; देशभर के 4 बैंकों में होगा रजिस्ट्रेशन

**जम्मू/ जीएनएस।** श्री बाबा अमरनाथ जी की यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरु होकर रक्षा बंधन वाले दिन 28 अगस्त 2026 को समाप्त होगी। यह यात्रा कुल 57 दिनों तक चलेगी। भगवान शिव के आशीर्वाद के लिए आयोजित प्रथम पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा 29 जून 2026 को होगी।



यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शुरू होगा। पंजीकरण की सुविधा देशभर में जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की 554 शाखाओं में उपलब्ध रहेगी।

लोक भवन जम्मू में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शुरू होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा में बढ़ चढ़कर आएं।

उन्होंने कहा कि पंजीकरण की सुविधा देशभर में जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की 554 शाखाओं में उपलब्ध रहेगी। उपराज्यपाल ने बताया कि प्रत्येक पंजीकृत यात्री और सेवा प्रदाता को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआइडी) प्रदान किया जाएगा।

पंजीकृत यात्रियों में प्रत्येक यात्री को 10 लाख रुपये तक का ग्रुप दुर्घटना बीमा मिलेगा। बीमा की राशि पिछले साल पांच लाख रुपये की थी जिसे दोगुना किया गया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत घोड़ों की आकस्मिक और प्राकृतिक मृत्यु पर 50000 रुपये प्रति पशु का बीमा कवरेज भी दिया जाएगा।

ग्रिड बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी- उन्होंने आगे बताया कि बालटाल मार्ग से लेकर पवित्र गुफा तक और गुफा से पंचतरणी तक ग्रिड बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी।

## भारत-ब्रिटेन फ्री ट्रेड डील कब लागू होगी, भारत में क्या-क्या होगा सस्ता?

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई के दूसरे सप्ताह से लागू होने की उम्मीद है। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार करार (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात शून्य शुल्क पर ब्रिटेन के बाजार में जाएगा। वहीं भारत कार और शराब जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क दरें घटाएगा।



एक अधिकारी ने कहा, %हमें उम्मीद है कि यह समझौता मई के दूसरे सप्ताह से लागू हो जाएगा।% दोनों देशों ने दोहरा योगदान संधि (डीसीसी) करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के अस्थायी कर्मियों को सामाजिक शुल्क को दो बार नहीं देना पड़ेगा। अधिकारी ने बताया कि दोनों समझौतों को एक साथ लागू किए जाने की संभावना है।

सीईटीए का लक्ष्य 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना कर 56 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। समझौते के तहत भारत ने चाकलेट, बिस्कुट और कास्मेटिक्स सहित कई उपभोक्ता उत्पादों के लिए अपना बाजार खोल दिया है।

वहीं उसे ब्रिटेन में कपड़ा, जूते-चप्पल, रत्न एवं आभूषण, खेल के सामान और खिलौनों जैसे क्षेत्रों के लिए अधिक बाजार पहुंच मिलेगी।

क्या है आगे का प्लान- इस समझौते के तहत, स्काच व्हिस्की पर शुल्क तुरंत 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा, और 2035 तक इसे और घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

वाहनों पर भारत धीरे-धीरे उदार कोटा प्रणाली के तहत, पांच साल में आयात शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत कर देगा, जो अभी 110 प्रतिशत तक है। इसके एवज में भारतीय मैन्यूफैक्चरर्स को इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार में पहुंच मिलेगी।

# इंदौर में यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई, 1753 नियम उल्लंघन पर काटे चालान



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह तथा पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शहर के चारों जोनों में पेट्रोलिंग और व्हील लॉक टीमों द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी अभियान के तहत यातायात पुलिस ने कुल 1753 नियम उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई की। इनमें 1409 बिना हेलमेट वाहन चालक, 139 गलत पार्किंग, 24 मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले और 40 वनवे का उल्लंघन करने वाले शामिल हैं। इसके अलावा अन्य नियम तोड़ने वालों पर भी चालानी कार्रवाई की गई और सैकड़ों वाहनों को नो-पार्किंग क्षेत्रों से हटाया गया।

पुलिस उपायुक्त श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर पेट्रोलिंग टीमों ने प्रमुख मार्गों, व्यस्त बाजारों और अधिक यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण किया। साथ ही रॉंग साइड वाहन चलाने, मोबाइल का उपयोग करने और लापरवाहीपूर्वक ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती गई।

इस सघन पेट्रोलिंग का असर अब शहर में साफ दिखाई दे रहा है। प्रमुख बाजारों और व्यस्त सड़कों पर अवैध पार्किंग में कमी आई है और यातायात का प्रवाह पहले की तुलना में अधिक सुगम हुआ है। पेट्रोलिंग टीमों की निरंतर मौजूदगी से वाहन चालक नियमों के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं, वहीं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तत्काल यातायात प्रबंधन से जाम की स्थिति भी कम हुई है। नागरिकों और व्यापारियों में भी नियमित पार्किंग व्यवस्था को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

यातायात पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित यातायात व्यवस्था का लाभ मिल सके।

## इंदौर में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने सुनीं जनसमस्याएं, रीवा ट्रेन को लेकर मिला ज्ञापन



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला आज इंदौर में एक निजी कार्यक्रम के तहत पारिवारिक सदस्य श्री अवधेश तिवारी के काउंटीवॉक कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन, कॉलोनीवासी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव उनके सामने रखे। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं विभागों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विंध्याचल सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों ने भी उनसे मुलाकात कर इंदौर से रीवा के बीच चलने वाली ट्रेन को नियमित करने और रीवा से उसके प्रस्थान समय में बदलाव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## हंस दास मठ बावड़ी पर जनसहभागिता से श्रमदान और पेंटिंग, जल संरक्षण का दिया संदेश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण और नागरिकों में उनके प्रति स्वामित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से हंस दास मठ बावड़ी पर विशेष पेंटिंग और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जोन क्रमांक 20, वार्ड क्रमांक 6 में आयोजित इस कार्यक्रम में कारवां इंडिया के सहयोग से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त श्री आकाश सिंह, पार्षद सुश्री संध्या यादव और जोनल अधिकारी श्रीमती पल्लवी पाल सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर शब ए इंदौर ङ्क अ म्यूजिकल इवेंट की टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। करीब 80 दर्शकों और 30 कलाकारों ने मिलकर बावड़ी परिसर में श्रमदान किया। सभी ने मिलकर साफ-सफाई करते हुए बावड़ी की दीवारों पर आकर्षक और संदेशात्मक पेंटिंग बनाई, जिससे परिसर का सौंदर्य बढ़ा और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश भी दिया गया। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि शहर के प्राचीन जल स्त्रोत हमारी महत्वपूर्ण धरोहर हैं और इनके संरक्षण में जनसहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में इन जल स्त्रोतों के प्रति अपनापन बढ़ता है और वे इनके संरक्षण के लिए स्वयं आगे आते हैं।

## विजयनगर पुलिस की सख्त कार्रवाई, शराब पीकर वाहन चलाने पर 12 वाहन जब्त




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए थाना विजयनगर पुलिस ने शराब पीकर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 11 और 12 अप्रैल की मध्यरात्रि विशेष चेकिंग के दौरान नशे में वाहन चला रहे चालकों पर कार्रवाई करते हुए कुल 12 वाहनों को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए वाहनों में 2 यात्री बसें और एक आयशर जैसे भारी वाहन भी शामिल हैं। पुलिस ने अमरदीप ट्रैवल्स और गौतम ट्रैवल्स की बसों सहित अन्य वाहनों के चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है। संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण और वाहनों के पंजीयन रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को भी रिपोर्ट भेजी जा रही है। पुलिस के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है। इसी को ध्यान में रखते हुए विजयनगर पुलिस द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है और आगे भी सख्ती जारी रहेगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नशे की हालत में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके और सभी के लिए सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके।

## इंदौर में इंटरस्टेट और स्लीपर बसों के डायवर्जन का निरीक्षण, ड्रोन से ट्रैफिक मॉनिटरिंग

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह ने पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी और पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक की मौजूदगी में स्टार चौराहा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान इंटरस्टेट और स्लीपर बसों के डायवर्जन तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया।




निरीक्षण के दौरान ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूरे क्षेत्र में यातायात और निर्धारित डायवर्जन पॉइंट्स पर प्रभावी निगरानी रखी गई। ड्रोन में लगे माइक सिस्टम से बस चालकों और अन्य वाहन चालकों को यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील भी की गई, ताकि ट्रैफिक संचालन को और अधिक व्यवस्थित बनाया जा सके।

वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टार चौराहा के बाद रेडिसन चौराहा क्षेत्र में भी भारी वाहनों के प्रवेश, नो-एंट्री पॉइंट्स और अन्य यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए रिंग रोड से इंटरस्टेट और स्लीपर बसों का संचालन डायवर्ट कर वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत पिपलियाहाना से रेडिसन रोड पर स्लीपर और इंटरस्टेट बसों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। वहीं स्टार चौराहा पर निर्धारित स्थान से ही सवारी बैठाने और उतारने की अनुमति दी गई है। व्हाइट चर्च की ओर से आने वाली बसों के लिए स्कीम नंबर 140, अग्रवाल स्कूल चौराहा, बिचौली अंडरब्रिज, बायपास, बेस्ट प्राइस होते हुए स्टार चौराहा तक मार्ग तय किया गया है, जबकि वापसी भी इसी मार्ग से सुनिश्चित की गई है।

यातायात पुलिस ने बस चालकों और संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इस पहल से शहर में यातायात का दबाव कम होने और व्यवस्था अधिक सुगम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जल स्रोतों और रिवर फ्रंट कार्यों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बड़ा गणपति पीलीया खाल के पास स्थित बावड़ी, मल्हारगंज थाने के सामने की बावड़ी और लोखंडे पुल सहित कई स्थानों पर पहुंचकर पारंपरिक जल स्त्रोतों की स्थिति और उनके जीर्णोद्धार कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बावड़ियों की साफ-सफाई, गहरीकरण, मरम्मत और संरचनात्मक मजबूती के कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिले और भू-जल स्तर में सुधार हो सके।

## इंदौर पुलिस का बड़ा एक्शन, 350 बदमाशों पर कार्रवाई और 218 शराबी चालकों पर केस

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश और एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) श्री आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में 11-12 अप्रैल की देर रात तक चारों जोन में पुलिस बल ने व्यापक कार्रवाई की।



अभियान के दौरान पुलिस ने करीब 450 गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों की जांच की, जिनमें से 350 के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। विभिन्न मामलों में 141 से अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें स्थायी, गिरफ्तारी और जमानती वारंट शामिल हैं।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 218 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि सड़क पर लोगों की जान जोखिम में डालने वाले लापरवाह चालकों पर रोक लगाई जा सके।

इसके अलावा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर भी शिकंजा कसा गया। अवैध हथियार लेकर घूम रहे 3 बदमाशों को पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, वहीं अवैध शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

आदतन अपराधियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाते हुए विभिन्न धाराओं के तहत 84 बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन के जरिए निगरानी रखते हुए पैदल भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान कई फरार आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े, जिन पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों को अपराध न करने की सख्त हिदायत देते हुए उनके डोजियर भी तैयार किए। इंदौर पुलिस का कहना है कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## मनीष मल्होत्रा ने इंदौर में खोले सफलता के राज, बताया कैसे डाइनिंग टेबल पर काटते थे कपड़े

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बॉलीवुड के प्रसिद्ध सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शहर के फैशन और डिजाइन क्षेत्र से जुड़े युवाओं, प्रोफेशनल्स और लगभग 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को इंदौर में संबोधित किया। होटल द शेरेटन ग्रैंड में आयोजित इस सत्र के दौरान उन्होंने अपनी व्यक्तिगत यात्रा, उद्योग के अनुभव और भविष्य में सफल होने के महत्वपूर्ण सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की। मनीष मल्होत्रा ने वर्तमान पीढ़ी की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के पास खुद को साबित करने के लिए असीम अवसर उपलब्ध हैं, लेकिन इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए निरंतर कठिन परिश्रम अनिवार्य है। मनीष मल्होत्रा एनआईएफ ग्लोबल इंदौर की ओर से आयोजित कार्यक्रम इन कन्वर्सेशन विद मनीष मल्होत्रा में शामिल होने के लिए इंदौर आए। मनीष मल्होत्रा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि डिजाइन के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं बहुत व्यापक हैं। उन्होंने अपने शुरुआती दिनों की तुलना वर्तमान समय से करते हुए बताया कि जब उन्होंने इस करियर की शुरुआत की थी, तब आज की तुलना में इतने संसाधन और मौके मौजूद नहीं थे। समय के साथ फैशन जगत में बड़े बदलाव आए हैं और आज की जनरेशन के पास अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बहुत बड़ा मंच है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे अपने पैशन के प्रति हमेशा वफादार रहें और बिना थके मेहनत करें, क्योंकि यही सफलता का एकमात्र मार्ग है।अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए मनीष मल्होत्रा ने बताया कि उनका सफर एक बहुत ही छोटे कमरे से शुरू हुआ था जहां सिलाई मशीनें रखी रहती थीं। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसी स्थिति भी आई जब उन्हें डाइनिंग टेबल पर रखकर कपड़ों की कटिंग करनी पड़ी। संघर्ष के इन पलों ने ही उन्हें मजबूती दी। उन्होंने छात्रों से संवाद के दौरान यह भी स्वीकार किया कि एक वक्त ऐसा भी था जब उनके मन में भी असफलता को लेकर सवाल उठते थे, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनका मानना है कि इंसान अपनी गलतियों से ही सबसे ज्यादा सीखता है।

## रतलाम में 'रेल रन' के जरिए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रतलाम में पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा आयोजित 'रेल रन' ने फिटनेस और पर्यावरण जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। 12 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन की अध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा ने किया। लगभग 3 किलोमीटर लंबी इस दौड़ की शुरुआत आरपीएफ ग्राउंड से हुई, जो रेलवे अस्पताल और न्यू रेलवे कॉलोनी स्पोर्ट्स ग्राउंड होते हुए पुनः आरपीएफ ग्राउंड पर समाप्त हुई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस आयोजन के माध्यम से 'स्वच्छ और हरित रेलवे' के साथ-साथ 'रिड्यूस, रीयूज़, रीसाइकल' जैसे पर्यावरणीय संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे यह एक सामूहिक जागरूकता अभियान का रूप ले सका।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग के अनुसार, यह आयोजन न केवल फिटनेस के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अर्चना शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रेल परिवार को एकजुट करते हैं और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने इसे स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ पर्यावरण और जागरूक समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नारी शक्ति अधिनियम पर इंदौर की मातृशक्ति ने जताया आभार, 14 अप्रैल को होगा मातृशक्ति वंदन सम्मेलन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में मां देवी अहिल्या मातृ शक्ति मंच द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नारी शक्ति अधिनियम का स्वागत किया गया। मंच की संयोजक श्रीमती रेखा जैन सहित विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने कहा कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है, जो देश की आधी आबादी के लिए ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है।



महिला प्रतिनिधियों ने कहा कि यह निर्णय केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे उन्हें वास्तविक सामाजिक न्याय मिलेगा और देश की राजनीति में उनकी भागीदारी मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह पहल महिला नेतृत्व को नए आयाम देगी।

पत्रकार वार्ता में यह भी बताया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लखपति दीदी, महिला ई-हाट और मातृ वंदन योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है। मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण और अन्य सेवाओं में महिलाओं को प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।

मातृशक्ति मंच द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लता मंगेशकर सभागृह, राजेंद्र नगर में मातृशक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मानव श्रृंखला, युवतियों की दुपहिया रैली और महिला मैराथन सहित कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनके माध्यम से इंदौर की मातृशक्ति अपनी भावनाएं व्यक्त करेगी।

## आबकारी विभाग इंदौर की संयुक्त कार्रवाई, ढाबों पर अवैध मदिरा परोसने वालों पर प्रकरण दर्ज

### सब्जी मंडी क्षेत्र में एक साथ दबिश, चार प्रकरण दर्ज, 4.625 लीटर शराब जब्त



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सतत अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई।

गत दिवस 11 अप्रैल 2026 को कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल तथा उड़नदस्ता प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी एवं श्री सी. के. साहू के नेतृत्व में आबकारी वृत्त मालवा मिल 'बी', छावनी, भोई मोहल्ला, राज मोहल्ला एवं आंतरिक-2 की संयुक्त टीम द्वारा सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित ढाबों पर सघन जांच अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान पिंड पंजाब ढाबा, ढाबा शाबा सहित अन्य ढाबों पर एक साथ दबिश दी गई। जांच में अवैध रूप से मदिरा पान कराए जाने के प्रकरण सामने आए, जिस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। पंजीकृत प्रकरणों में कुल 4.625 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्री सुनील कुमार मालवीय, श्रीमती मीना माल, श्रीमती त्रिअंबिका शर्मा एवं श्रीमती जया मुजालदे की प्रमुख भूमिका रही। साथ ही आबकारी आरक्षक श्री ओम प्रकाश साहू, श्री किशन रघुवंशी, श्री उस्मान मिर्जा एवं श्रीमती अंकिता का सराहनीय योगदान रहा।

आबकारी विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं सेवन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# इप्टा का राज्य सम्मेलन संपन्न : सादगीपूर्ण प्रस्तुति, लेकिन नाटक का प्रभाव रहा अत्यंत गहरा

## मंदसौर के हरनाम सिंह अध्यक्ष तो हूर बानू सैफी सचिव मंडल में शामिल



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का मध्यप्रदेश स्तरीय 10वां राज्य सम्मेलन छत्तीसगढ़ सीमा से लगे अनूपपुर के बलराज साहनी सभागार में संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों, रंगकर्मियों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं ने देश-दुनिया के मौजूदा हालात पर गंभीर विमर्श किया और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जनचेतना का संदेश दिया। सम्मेलन में आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मंदसौर के सक्रिय रंगकर्मी हरनाम सिंह को अध्यक्ष मंडल तथा इप्टा मंदसौर इकाई की सचिव हूर बानू सैफी को सचिव मंडल में शामिल किया गया। यह उपलब्धि मंदसौर जिले के सांस्कृतिक परिदृश्य के लिए गौरवपूर्ण मानी जा रही है।

सम्मेलन के प्रमुख आकर्षणों में इंदौर इकाई द्वारा हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचना पर आधारित नाटक सदाचार का तावीज़ का मंचन रहा। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को ठहाके लगाने के साथ-साथ सामाजिक विसंगतियों पर सोचने के लिए विवश किया। नाटक में शब्बीर हुसैन (राजा), विशाल यादव (मंत्री), आयुष अहिरवार, हरनाम सिंह (पाखंडी साधु) और हूर बानू सैफी (दोहरी भूमिका) सहित कलाकारों ने प्रभावी अभिनय किया। निर्देशन गुलरेज़ खान का रहा, जबकि पटकथा और संयोजन विनीत तिवारी एवं सारिका श्रीवास्तव ने संभाला। सादगीपूर्ण प्रस्तुति के बावजूद नाटक का प्रभाव अत्यंत गहरा रहा।

फिल्म एवं टीवी अभिनेता राजेंद्र गुप्ता ने जनकवि धूमिल की प्रसिद्ध कविता पटकथा का एकल मंचन किया। इसके अलावा प्रयागराज की संस्था द्वारा असमंजस बाबू, लखनऊ इकाई द्वारा दास्तान-ए-अशफाक तथा जबलपुर इकाई द्वारा 72 मील नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिनमें सामाजिक यथार्थ और ऐतिहासिक चेतना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

सम्मेलन में वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश वेदा ने कहा कि वर्तमान समय विश्व के लिए अत्यंत जटिल और उलझन भरा है। कलाकार अपने-अपने माध्यमों से इन परिस्थितियों को अभिव्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने वैश्विक राजनीति की आलोचना करते हुए डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों पर भी सवाल उठाए। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव विनीत तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कृतिकर्म केवल मंचन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, न्याय और मानवीय मूल्यों को जीवित रखने का माध्यम है। सम्मेलन में विभिन्न इकाइयों द्वारा जनगीतों की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, दुष्यंत कुमार और भूपेन हजारिका के गीतों के साथ-साथ लोकधुनों को भी प्रस्तुत किया। सम्मेलन स्थल पर युद्ध-विरोधी पोस्टरों और कार्टून की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें समकालीन वैश्विक संकट, मानवीय त्रासदी और शांति के संदेश को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। इसके साथ ही प्रगतिशील साहित्य के स्टॉल भी लगाए गए। सम्मेलन के दौरान अनूपपुर शहर में एक विशाल रैली निकाली गई। इस रैली में कलाकारों और प्रतिभागियों ने युद्ध, जातिवाद और सांप्रदायिकता के खिलाफ नारे लगाए तथा जनगीत गाकर शांति, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। सम्मेलन में कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सम्मेलन के संगठन सत्र में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष हरिओम राजोरिया, महासचिव शिवेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष- नीरज खरे, अध्यक्ष मंडल विनीत तिवारी, अनिल दुबे, सीमा राजोरिया, हरनाम सिंह सहित अन्य सचिव मंडल अभिषेक अंशु, सारिका श्रीवास्तव, हूर बानू सैफी सहित अन्य। मंदसौर के कलाकारों को राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल स्थानीय रंगमंच को मजबूती मिलेगी, बल्कि युवा कलाकारों को भी प्रेरणा मिलेगी। इप्टा जैसी संस्था के माध्यम से जन-संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने में मंदसौर की भागीदारी और सशक्त होने की उम्मीद है।

## अंतर्राज्यीय मादक तस्कर पर बड़ी कार्रवाई, 'कान्हा' को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में निरुद्ध कर भेजा इंदौर जेल

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आदतन अंतर्राज्यीय तस्कर को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश सहित राजस्थान के विभिन्न थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश उर्फ कान्हा पिता राधेश्याम पाटीदार (30) निवासी सुपड़ा, थाना पिपलियामंडी को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 (पीआईटी एनडीपीएस एक्ट) के तहत निरुद्ध किया गया है। आरोपी के विरुद्ध जिला दंडाधिकारी के माध्यम से आयुक्त उज्जैन द्वारा धारा 3 (1) के अंतर्गत निरोधात्मक आदेश जारी किया गया था, जिसके पालन में रविवार को उसे गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर दाखिल किया गया। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल के पर्यवेक्षण में जिलेभर में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मल्हारगढ़ एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना पिपलियामंडी प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह इवने की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रवेश उर्फ कान्हा एक कुख्यात तस्कर है, जिसके खिलाफ कुल 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 मामले अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े हैं, जो मंदसौर के अलावा रजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद जिलों में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी पर मारपीट, धमकी, चोरी और सड़क दुर्घटना से संबंधित भी 4 मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आईसीजीएस पोर्टल के माध्यम से जिले के मादक तस्करों का रिकॉर्ड अद्यतन कर डोजियर तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आरोपी के आपराधिक इतिहास का परीक्षण कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त अन्य अपराधियों के विरुद्ध भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह इवने के साथ उप निरीक्षक चन्द्रशेखर बैरागी, उप निरीक्षक मूलचंद सिंह धाकड़, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक वसीम खान, आरक्षक पवन पाटीदार, घनश्याम नागदा, जुगल किशोर एवं सुभाष प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गुना जिले की 2 लाख 26 हजार 632 लाड़ली बहनें हुई लाभान्वित

**गुना/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में सहभागिता कर लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 1,836 करोड़ से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सौगातें दीं, साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अब्दुल गफ्फार ने बताया आज आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला कलेक्ट्रेट के महिला एवं बाल विकास विभाग में दिखाया गया। इस दौरान गुना जिले में 2 लाख 26 हजार 632 लाड़ली बहनाओं को 32 करोड़ 93 लाख 81 हजार 600 राशि उनके डीबीटी लिंक खाते में प्रदाय की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री गफ्फार द्वारा नारी शक्ति वंदन के अधिनियम, उददेश्य, महिला आरक्षण, कानून, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का किया जा रहा है आयोजन- जिले में ''नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा'' का आयोजन 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अब्दुल गफ्फार ने बताया जिले के 1426 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'लाड़ली बहना योजना' की हितग्राही महिलाओं की गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कुल 17,135 लाड़ली बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठियों के माध्यम से महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं इसके उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नारी सशक्तिकरण से संबंधित दीवार लेखन भी किया गया, जिससे समाज में जागरूकता का संदेश प्रसारित हो सके।

## आचार्य शंकर प्रकटोत्सव : एकात्म पर्व 17 अप्रैल से

**छिन्दवाडा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में एकात्म पर्व का पंच दिवसीय भव्य आयोजन 17 से 21 अप्रैल तक ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर एकात्म धाम में आयोजित किया जा रहा है। इस पंच दिवसीय मांगलिक अनुष्ठान में भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के शीर्ष संतों, आर्ष चिंतकों और विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी के पावन सान्निध्य तथा संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की उपस्थिति में होगा, वहीं समापन अवसर पर 21 अप्रैल को शंकरावतरणम् में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, दक्षिणामूर्ति मठ, के प्रमुख स्वामी पुण्यानंद गिरि प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

अद्वैतामृतम् - विमर्श सभा में विभिन्न विषयों पर होगा संवाद- इस सत्र के अंतर्गत अद्वैत वेदांत की समकालीन परंपराओं पर विस्तृत चर्चा होगी,जिसमें 17 अप्रैल को अद्वैत एवं तद्गठु-ं जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती, स्वामिनी ब्रह्मप्रज्ञानंद सरस्वती, सतावधानी ललितादित्य और विशाल चौरसिया युवाओं के नजरिए से अद्वैत की व्याख्या करेंगे।

## अब किसान घर बैठे ले सकेंगे खाद का ई-टोकन, तीन दिन रहेगा वैध

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक कृषि श्री आर.के.सिंह ने बताया कि ई विकास प्रणाली के तहत अब किसान घर बैठे अपने मोबाइल फोन से ई टोकन बुक कर सकेगें। इस टोकन के जरिए किसान को चुने गये विकल्प के स्थान पर खाद तुरंत मिलेगी।

सहकारी समितियों के सदस्यों को समिति से खाद का वितरण होगा। वही जो किसान समिति सदस्य नहीं है। उन्हें भी टोकन जारी होगा। इसी टोकन के जरिए निजी दुकानदार एवं नगद विक्रय केन्द्र से खाद तुरंत मिलेगी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा खाद वितरण की पारदर्शी व्यवस्था के संबंध में सभी समितियों/ खाद विक्रेताओं एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये गये है। 01 अप्रैल से जिले में खाद का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के जरिए ही किया जाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी।

अभी 50 प्रतिशत, बाद में बची खाद मिलेगी खरीफ सीजन के लिए किसानों को रकबे के अनुसार निर्धारित मात्रा का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। फिर बचा हुआ हिस्सा आने वाले महीनों में इसी तरह ई-टोकन के जरिए मिलेगा।

किसान अपने मोबाईल फोन से पोर्टल पर टोकन जनरेट करेंगें। समिति सदस्यों को संबंधित समिति के स्टॉक की जानकारी के साथ उन्हें मिलने वाली निर्धारित मात्रा का 50 प्रतिशत आवंटन जारी होगा। इस टोकन को दिखाते ही उन्हें खाद मिलेगा। वहीं गैर सदस्यों को नजदीकी निजी क्षेत्र की दुकान की जानकारी उपलब्ध होने के साथ निर्धारित मात्रा अंकित वाला टोकन मिलेगा।

सभी को मिलेगी खाद, पोर्टल पर मिलेगी विकल्प- समिति के सदस्य, गैर सदस्य, बटाईदार, सिकमी वाले या किसी ट्रस्ट या मंदिर को दान में मिली जमीन पर किसानी करने वाले सभी किसानों को खाद ई-टोकन से मिलेगी। पोर्टल पर सभी तरह के विकल्प मिलेगे। अपनी पात्रतानुसार किसान को विकल्प का चयन करना होगा। पात्रतानुसार ही किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध होगा ।

## मंदसौर-सीतामऊ मार्ग बन चुका है हादसों का सफर, कब जागेगा प्रशासन?- कमल कोठारी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय से राजस्थान की सीमा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मंदसौर-सीतामऊ मार्ग इन दिनों सड़क नहीं बल्कि मौत का गलियारा बन चुका है। यह मार्ग केवल एक सड़क मात्र नहीं है, बल्कि भानपुरा, गरोठ, शामगढ़, चौमेला और रूनीजा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली एकमात्र जीवन रेखा है। लगभग 700 से 800 ग्रामीण क्षेत्रों की विशाल आबादी प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक पहुँचती है। हजारों की संख्या में ग्रामीणों और व्यापारियों का आवागमन होने के बावजूद इस सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है, जो अब मासूमों और बेगुनाह राहगीरों की जान की दुश्मन बन गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता कमल कोठारी ने जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट करते हुवे बताया कि वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई मात्र 25 फीट है, जो द्वि-लेन (2-लेन) होने के कारण बढ़ते यातायात के दबाव को झेलने में पूरी तरह अक्षम साबित हो रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस मार्ग को फोर-लेन में तब्दील करने की स्वीकृति काफी समय पहले मिल चुकी है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। शासन और प्रशासन द्वारा केवल कागजी खानापूर्ति और रोडमैप तैयार कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली गई है। सरकारी फाइलों में दौड़ती विकास की गति सड़क पर उतरते ही कछुआ चाल से भी धीमी हो जाती है, जिसका खामियाजा आम जनता को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महज 10 दिनों के भीतर इस मार्ग पर अलग-अलग हादसों में 10 से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। इन घटनाओं ने कई परिवारों के चिराग बुझा दिए हैं, लेकिन इतना सब होने के बाद भी मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम और जिला प्रशासन की कुंभकर्णी नींद नहीं टूट रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता अब बर्दाश्त के बाहर होती जा रही है। रोज हो रहे हादसों के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाना उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है। कोठारी ने बताया कि क्षेत्रीय जनता में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब बजट और योजना की स्वीकृति मिल चुकी है, तो निर्माण कार्य शुरू करने में देरी क्यों की जा रही है? क्या प्रशासन और अधिक मौतों का इंतजार कर रहा है? यदि समय रहते इस मार्ग का चौड़ीकरण कर इसे फोर-लेन नहीं बनाया गया, तो यह मार्ग आने वाले समय में और भी अधिक जानलेवा साबित होगा। अब समय आ गया है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी अपनी चुप्पी तोड़ें और कागजी विकास से बाहर निकलकर धरातल पर कार्य शुरू करवाएं, ताकि मंदसौर-सीतामऊ मार्ग पर हो रहे इन खूनी हादसों पर लगाम लगाई जा सके और आमजन का सफर सुरक्षित हो सके।

## चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस चौकी के पास दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों का सामान पार, सीसीटीवी में कैद संदिग्ध

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलिया नगर में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश ने मनासा मार्ग स्थित व्यस्त इलाके में दो दुकानों के ताले तोड़कर नगदी, मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। खास बात यह है कि एक दुकान पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद चोर बिना किसी डर के वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालागुड़ा मार्केट के बाहर स्थित लाला पोरवाल की जनरल स्टोर को बदमाश ने सबसे पहले निशाना बनाया। देर रात चोर ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखी नगदी सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली। रविवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के व्यापारी भी मौके पर एकत्रित हो गए। पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध युवक की गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज में युवक देर रात दुकानों के आसपास घूमता नजर आ रहा है और मौके की रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम देता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने पास ही स्थित एक साड़ी दुकान के ताले तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन किसी कारणवश वह सफल नहीं हो सका। इसी रात चोर ने मनासा मार्ग पर पोस्ट ऑफिस के सामने नगर परिषद कॉम्प्लेक्स में स्थित ÷सफल मोबाइल÷ दुकान को भी निशाना बनाया। यहां बदमाश ने शटर के ताले तोड़कर अंदर रखे रिपेयरिंग के लिए आए मोबाइल फोन, मोबाइल एक्सेसरीज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री चोरी कर ली। इस दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी संदिग्ध की तस्वीरें कैद हुई हैं, जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।व्यापारियों का कहना है कि मुख्य बाजार और पुलिस चौकी के नजदीक इस तरह की वारदात होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्धों की सघन जांच करने और जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थलों का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा संदिग्ध की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# जल जीवन मिशन की टंकी पहली ही टेस्टिंग में फेल, घटिया निर्माण के आरोप, अब लीपा पोती का खेल शुरू, योजना पर उठे सवाल, जांच की मांग



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल जीवन मिशन योजना एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम हरसोल में लाखों रुपये की लागत से निर्मित पेयजल टंकी पहली ही टेस्टिंग में फेल हो गई। टंकी में भरा गया पानी तेज़ी से चारों ओर से रिसने लगा और देखते ही देखते पानी की टंकी के आस-पास घरों तक पहुंच गया। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

रविवार को टंकी की रिपेरिंग कर लीपा पोती का खेल शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम हरसोल में जल जीवन मिशन के तहत करीब डेढ़ लाख लीटर क्षमता वाली पेयजल टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी का निर्माण पूरा होने के बाद जब पहली बार टेस्टिंग के लिए इसमें पानी भरा गया, तो टंकी कई स्थानों से लीकेज करने लगी। हालात यह रहे कि टंकी से बहता पानी आसपास के घरों में घुस गया । गांव के गजेंद्रसिंह चूंडावत, मोहनलाल वर्मा, मदनलाल मेघवाल, आबिद मंसूरी, सुखलाल टेलर, भारतसिंह चूंडावत सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टंकी का निर्माण बेहद घटिया स्तर का किया गया है। उनका कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद पहली ही टेस्टिंग में टंकी ने जवाब दे दिया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि 2500 की आबादी वाले इस गांव के लिए बनाई गई टंकी में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है, जिससे भविष्य में बड़ा हादसा भी हो सकता है। टंकी में हुए लीकेज का सबसे अधिक नुकसान आसपास रहने वाले किसानों को उठाना पड़ा। किसान भेरूलाल प्रजापति ने बताया कि टंकी से बहकर आया पानी उनके घर में घुस गया, जिससे घर में रखी गेहूं और लहसुन की उपज पूरी तरह भीग गई। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान की भरपाई की मांग की है । इस पेयजल टंकी से हरसोल, आवना काचरिया और छोटी गुड़भेली सहित तीन गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रस्तावित है। वर्तमान में पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है, लेकिन टंकी की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों में योजना को लेकर चिंता बढ़ गई है। टेस्टिंग में टंकी फेल होने के बाद विवाद लीपापोती का खेल शुरू हो गया। रविवार को इसकी रिपेयरिंग का कार्य शुरू किया गया। किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द व कांग्रेस नेताअनिल शर्मा ने इसे भ्रष्टाचार का उदाहरण बताते हुए कहा कि टंकी उपयोग में आने से पहले ही उसकी स्थिति खराब हो जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। शासकीय योजनाओं में करोड़ो रूपये का भ्रष्टाचार हो रहा है। किसान नेता जोकचन्द ने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। नेताओ ने उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही प्रभावित किसान को मुआवजा देने की भी मांग उठाई। सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए नेताओ ने बताया जल जीवन मिशन में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है और करोड़ों रुपये की योजनाएं गुणवत्ता विहीन निर्माण की भेंट चढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के अन्य गांवों में भी जल जीवन मिशन के तहत बने ढांचों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहीं पाइपलाइन फटने की शिकायतें हैं तो कहीं टंकियों में लीकेज की समस्या सामने आ रही है।

बड़ा सवाल - जवाबदेही किसकी ?

हरसोल की घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी कौन कर रहा है। यदि पहली ही टेस्टिंग में टंकी फेल हो रही है, तो भविष्य में इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठना लाजिमी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और ग्रामीणों को राहत कब तक मिल पाती है। वहीं नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर जल निगम के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है और टंकी का हैंडओवर भी नहीं हुआ है। लीकेज को सामान्य तकनीकी समस्या बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि इसे जल्द ठीक कर दिया जाएगा। ठेकेदार को 10 वर्षों तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी दी गई है। मामले को लेकर जल निगम के मेनेजर धीरेन्द्र बीजोरिया से संपर्क नही हो पाया। वही इंजीनियर गौरव गोस्वामी का कहना था कि इस मामले में हम कोई जवाब नही दे सकते है।

## चाकूओं के जानलेवा हमले से मंदसौर शहर सहम उठा, साढ़े चार महीने में पांच की मृत्यु

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** चाकू के हमले से मंदसौर शहर अब सहम उठा है। पिछले साढ़े चार महीने में नजर डालें तो चाकू के हमले से पांच लोगों की मृत्यु हो चुकी है। अप्रैल माह में ही चाकू के जानलेवा हमले में दो युवकों की हत्या हुई है। पिछले दिनों जहां गांधी चौराहे पर युवक अरुण बरगुंडा को चाकू मारा था, जिसकी आतें तक बाहर आ गई थी। ताजा घटनाक्रम में रविवार रात्रि में शुक्ला चौक के समीप वारदात हुई। इसमें साहिल पिता अय्यूब शाह 22 वर्ष निवासी मदारपुरा की चाकू हमले में मृत्यु हुई है। मृतक का एक साथी रहीम पिता मुन्ना शाह 39 वर्ष निवासी मदारपुरा भी इस हमले में घायल हुआ है। सूचना पर कोतवाली पुलिस सहित महकमा सक्रिय हुआ और शहर में सुरक्षा पर चौक चौबंद देखा गया।

मंदसौर शहर में पिछले 4-5 महीनों में चाकूबाजी से हत्या की कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना पर नजर डाले तो 31 दिसम्बर की रात्रि में राजस्थान के एक व्यापारी ने वित्तीय लेनदेन के विवाद में सर्राफा व्यापारी दि इलीप जैन और उनकी पत्नी रेखा जैन की गोल चौराहा स्थित उनके घर में चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना में आरोपी ने खुद को भी गोली मारकर खुदकुशी की थी। इसके अलावा फरवरी माह में भाजपा समर्थित पार्षद शाहिद मेव की तीसरी पत्नी रुबीना की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके साथ ही रेवास देवड़ा रोड स्थित धुंधलेश्वर महादेव मंदिर के पास जंगल में युवती को जबरदस्ती ले जाकर हमला किया गया। एक आरोपी युवक ने 21 वर्षीय युवती पर चाकू से वार किए थे। युवती घायल हुई थी। अप्रैल माह में गांधी चौराहे पर युवक अरुण बरगुण्डा पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ। जिसमें उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके अलावा बायपास पर ही चाकूबाजी की घटना सामने आई थी, हालांकि इसमें गंभीर घायल नहीं हुआ। ताजा घटनाक्रम में रविवार रात्रि में शुक्ला चौक के समीप साहिल पिता अय्यूब शाह 22 वर्ष निवासी मदारपुरा की चाकू हमले में मृत्यु हुई है।

मंदसौर जिले में लगातार बढ़ रही अपराधिक घटना- सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर ने कहा है कि मंदसौर जिले में लगातार बढ़ रही अपराधिक घटना के साथ-साथ आईपीएल सट्टे का कारोबार भी जोरों से चल रहा है जिससे कई मासूम गरीब पिस रहे हैं। इसी प्रकार पूरे जिले में खुलेआम शराब की अवैध बिक्री हो रही है। धार्मिक नगरी होते हुए मंदसौर शहर में खुलेआम शराब बिक रही है। मंदसौर शहर में पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगा पाने में नाकाम साबित हुई है।

**NAME CHANGE**

I INSHIYA SHABBIR BHAI BADWANIWALA D/O SHABBIRBHAI MULLA SAMSUDDIN BADWANIWALA HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS INSHIYA KHANBHAI D/O SHABBIRBHAI MULLA SAMSUDDIN BADWANIWALA. AND I HAVE ADD MY SPOUSE NAME AS ABBAS KHANBHAI. SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME INSHIYA KHANBHAI D/O SHABBIRBHAI MULLA SAMSUDDIN BADWANIWALA FOR ALL PURPOSE.

ADDRESS :- 14 BOHARA BAKHAL, ALIRAJPUR DIST :-ALIRAJPUR (M.P.) -457887

**NAME CHANGE**

It is to bring kind Notice to the people that my daughter previous name was Ayanshi D/O Dharmendra Choudhary now has been changed to Ayanshi Choudhary D/O Dharmendra Choudhary there fore in future my daughter will be known by her new name only Ayanshi Choudhary.

ADDRESS :- H.No. 65, Babu chowk, gram Tarana, Dist. Ujjain M.P. Pin code 456665Mob. No. 9840118247

**NAME CHANGE**

I FATEMA HUZEFA VOHRA D/O HUZEFA HUSSAINBHAI VOHRA HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS FATEMA D/O HUZEFA HUSSAINBHAI VOHRA. AND I HAVE ADD MY SPOUSE NAME AS IDRIS. SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME FATEMA D/O HUZEFA HUSSAINBHAI VOHRA FOR ALL PURPOSE

ADDRESS :- 14 BOHARA BAKHAL,ALIRAJPUR DIST :-ALIRAJPUR (M.P.) -457887

# सम्पादकीय

## विदेशों में बुजुर्गों की स्थिति दयनीय, भारत में अपेक्षाकृत कम ओल्ड एज होम

बुजुर्गों के अकेलेपन की समस्या वैश्विक रूप धारण कर चुकी है।भारत सहित चीन,जापान,स्वीटजरलैंड,अमेरिका फ्रांस कनाडा और ब्रिटेन में बुजुर्गों की स्थिति अकेलेपन के कारण दयनीय हो गई है। जापान तथा स्विट्जरलैंड में इच्छा मृत्यु लेने वालों की संख्या बढ़ गई। स्विट्जरलैंड,जापान में तो कई केंद्र ऐसे हैं जिनमें इच्छा मृत्यु धारण करने के वाले बुजुर्गों को वहां अलविदा कहकर भेज दिया जाता है। यह स्थिति मानवता के लिए अत्यंत चिंता करने वाली है।

मैंने स्वयं अपनी स्वीटजरलैंड, अमेरिका तथा ब्रिटेन की यात्रा के दौरान देखा है कि वहां के बुजुर्ग वहां के बाग बगीचों में टहलने की बजाय किताब या उपन्यास पढ़ते हैं और वहां कई इच्छा मृत्यु केंद्र (हॉस्पिटल) भी देखे हैं जहां बुजुर्ग स्त्री पुरुष स्वयमेव जाकर भरती होते हैं और इंजेक्शन लगवाकर इच्छा मृत्यु धारण कर लेते हैं वहां का यह प्रचलन अत्यंत दारुणिक और मार्मिक है। स्विट्जरलैंड और अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में भारत में अभी ओल्ड एज होम यानी वृद्ध आश्रम का चलन उस रफ्तार से नहीं बढ़ा है, जितना यूरोपीय देशों में इसका चलन बुजुर्गों के लिए ऐच्छिक बन चुका है। वहां पर लगभग 40% बुजुर्गों को ओल्ड एज होम भेज दिया जाता है।

भारत के संदर्भ में अभी भी बुजुर्गों को संयुक्त परिवार में काफी वरीयता दी जाती है किंतु जिन परिवारों में बुजुर्गों की संताने एकल परिवार वाली होती हैं वहां निश्चित तौर पर बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम भेजने की तैयारी कर ली जाती है।

पहले बुजुर्ग अपने नाती पोतों के साथ खेल कर उन्हें दादी नानी की कहानी सुना कर अपना बुढ़ापा गुजार लिया करते थे किंतु अब छोटे बच्चों को शिक्षा हेतु बाहर व्यावसायिक स्कूलों में भेज दिया जाता है जिससे बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं। संतानों के पास अपनी नौकरियों तथा व्यवसाय के कारण बुजुर्गों से बात करने का समय नहीं होता, नतीजतन बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं और अनेक बीमारियों के शिकार होने लगे हैं।

भारत में आधुनिकता की होड़ ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए, ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है और परिवार में स्त्री पुरुष के नौकरी करने के कारण बच्चे या तो बुजुर्गों के साए में परवरिश के लिए बाध्य हैं अथवा उनकी देखरेख आया बाइयों के भरोसे पर निर्भर हो गई है। बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की असंवेदनशीलता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों,पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाती है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैद्य बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैद्य महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैद्य बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी माता-पिता पर होती है। पर वर्तमान में बच्चे मां बाप के नौकरी पेशा होने के कारण अपने माता-पिता से दूर होते जा रहे हैं। बुजुर्ग और संतानों के बीच मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट के कारण संवाद हीनता ने जटिल संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक,व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा हैद्य उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैद्य वे वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंद्य इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगीद्य भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

## आध्यात्म को समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण आवश्यक है



सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी ने सहजयोग के संबंध में अपनी पुस्तक सहजयोग में वर्णित किया है कि, सर्वप्रथम जिज्ञासु होकर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यक्ति को इस विषय तक पहुंचना चाहिए। परिकल्पना के समान, सम्मान पूर्वक इस विषय का विवेचन होना चाहिए और परीक्षण करने पर यदि सत्य पाया जाये तो निष्कपटता पूर्वक सचरित्र लोगों द्वारा यह स्वीकार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह विषय व्यक्ति के पूर्ण हित के लिए तथा पूरे विश्व के हित लिए है।

सहजयोग ध्यान धारणा द्वारा जब हम आत्मा से एकाकार हो जाते हैं तो हमारे क्रिया कलापों को, विचारों को बुद्धि का नहीं वरन् आत्मा का मार्ग दर्शन प्राप्त होता है। हमारी आदतें विचार, उद्देश्य, आवश्यकताएँ परिवर्तित होने लगती है और हम प्रत्येक कार्य में आनन्द का अनुभव करने लगते हैं। सहजयोगी आनंद, प्रेम, करुणा, संगीत, नृत्य व हास्य से भरा हुआ होता है। अत~ सहजयोग सामूहिकता द्वारा विकीर्णित चैतन्य लहरियां अविश्वसनीय होती हैं जिन्हें अनेकों बार श्री माताजी के कार्यक्रम में कैमरे ने कैद किया है। जब हम आत्मा के सत्य को समझ लेते हैं तो अनेक प्रकार के डर व भय समाप्त हो जाते हैं।

भगवान श्री कृष्ण ने भी आत्मा के सत्य के विषय में कहा है - नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावक~ न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

( इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकती 7 ( भगवद्गीता, अध्याय 2 श्लोक 231)

कुण्डलिनी शक्ति जब सहस्त्रार की ओर बढ़ती है तो हमारे भीतर अन्तर्शुद्धि की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है हमारे चक्रों नाड़ियों में जो भी दोष होते हैं उनका निवारण प्रारम्भ हो जाता है जिससे अनेक बीमारियाँ स्वतः ही ठीक होने लगती हैं। परंतु सहजयोग केवल समस्याओं के समाधान का विकल्प नहीं बल्कि सत्य की खोज का मार्ग है। सहजयोग आत्मज्ञान को प्राप्त कर आत्मनिरीक्षण द्वारा मनुष्यत्व से देवत्व की ओर उत्थान का योग है।

# तेलंगाना का अनूठा मॉडलः कैंसर नियंत्रण में देश के लिए नई दिशा

तेलंगाना में बदलाव की सशक्त आहट सुनाई दे रही है–जहां सुबह की रोशनी अब सिर्फ प्रकृति का संकेत नहीं, बल्कि जागरूकता और दूरदृष्टि का प्रतीक बन गई है। यह वही सोच है जो बीमारियों को छिपने नहीं देती, बल्कि उन्हें सामने लाकर समय रहते निर्णायक कार्रवाई का मार्ग तैयार करती है। अब तक भीतर ही भीतर नुकसान पहुंचाने वाला कैंसर पहली बार सख्त निगरानी के दायरे में आया है। अप्रैल 2026 में तेलंगाना सरकार द्वारा इसे नोटिफाएबल बीमारी घोषित करना इस परिवर्तन का ठोस प्रमाण है। यह कदम महज प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में एक निर्णायक मोड़ है–खासकर तब, जब देश हर साल लाखों नए कैंसर मामलों का सामना कर रहा है। यह पहल केवल राहत के वादों तक सीमित नहीं, बल्कि समय पर पहचान और उपचार के जरिए जीवन बचाने की एक गंभीर, ठोस और दूरगामी रणनीति प्रस्तुत करती है।

भारत में कैंसर अब केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ता गंभीर जनस्वास्थ्य संकट बन चुका है, जो हर वर्ष और गहराता जा रहा है। 2024 में करीब 15.62 लाख नए मामले और 8.74 लाख मौतें दर्ज हुईं, जबकि 2025-26 तक इनमें और वृद्धि की आशंका है। तेलंगाना भी इससे अछूता नहीं है, जहां 2026 में लगभग 46,762 नए मामलों का अनुमान है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्क्रीनिंग दर बेहद कम है–ब्रेस्ट कैंसर के लिए 0.3 प्रतिशत, मुंह के कैंसर के लिए 2.5 प्रतिशत और सर्वाइकल कैंसर के लिए 3.3 प्रतिशत। यह स्पष्ट करता है कि असली चुनौती इलाज की नहीं, बल्कि समय पर पहचान न हो पाने की है। सरकार का यह कदम इसी मूल समस्या पर सीधा प्रहार करता है–जानकारी के अभाव को दूर कर कैंसर की समय पर पहचान और जीवन बचाने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

अब स्वास्थ्य व्यवस्था में जवाबदेही की नई संस्कृति आकार ले रही है, जहां हर जानकारी का दर्ज होना अनिवार्य है। इस नोटिफिकेशन के तहत सभी सरकारी और निजी अस्पताल, क्लिनिक, लैब व आयुष केंद्रों को हर कैंसर मरीज का विवरण एक माह के भीतर केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड करना होगा। पहले जहां आंकड़े कुछ संस्थानों तक सीमित थे, अब पूरा राज्य एक एकीकृत डेटा नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इसका अर्थ है कि हर नया मामला केवल संख्या नहीं, बल्कि नीति निर्माण की ठोस नींव बनेगा। अब कैंसर पर भी संक्रामक रोगों की तरह सख्त और व्यवस्थित निगरानी संभव होगी। यह बदलाव स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रतिक्रियात्मक से सक्रिय बनाता है–जहां बीमारी के इंतजार के बजाय पहले से तैयारी और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित होता है।

यह पहल पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर नई दिशा तय करती है और मुफ्त योजनाओं की सीमाओं को पीछे छोड़ती है। लाडली बहना, मुफ्त बिजली, राशन या नकद सहायता तात्कालिक राहत देती हैं, पर समस्या की जड़ तक नहीं पहुंचतीं। इसके विपरीत, कैंसर नोटिफिकेशन एक दीर्घकालिक और मजबूत ढांचा तैयार करता है। सटीक आंकड़ों से सरकार तय कर सकेगी कि किन जिलों में जोखिम अधिक है, कौन-से आयु वर्ग ज्यादा प्रभावित हैं और तंबाकू, प्रदूषण या जीवनशैली जैसे कारणों की भूमिका कितनी है। इससे स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान अधिक लक्षित होंगे, और देर से पहचान होने वाले 55-62 प्रतिशत मामलों को काफी हद तक रोका जा सकेगा। यह पहल खर्च नहीं, बल्कि दूरदर्शिता से किया गया समझदारी भरा निवेश है।

यह पहल केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखेगा। शुरुआती जांच की गति बढ़ेगी और उपचार योजनाएं अधिक सटीक व प्रभावी बनेंगी, जिससे मरीजों को समय पर बेहतर देखभाल मिल सकेगी। पेलिएटिव केयर और पुनर्वास सेवाओं का विस्तार होगा, जो मरीजों की जीवन गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही निजी अस्पतालों की जवाबदेही तय होगी, क्योंकि अब किसी भी मामले को छिपाना संभव नहीं होगा। इसके अलावा शोध के लिए मजबूत डेटा आधार तैयार होगा, जिससे तेलंगाना के विशिष्ट कैंसर पैटर्न सामने आएंगे और उनके अनुरूप नीतियां बनाई जा सकेंगी।

यह पहल जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही जटिल चुनौतियों से भी घिरी हुई है। निजी क्षेत्र का पूरा सहयोग हासिल करना, मरीजों की गोपनीयता को सुरक्षित रखना और दूरस्थ क्षेत्रों में रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत बनाना आसान कार्य नहीं है। लेकिन यही कठिनाइयाँ इस प्रयास की गंभीरता और प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। यह कोई साधारण घोषणा या चुनावी वादा नहीं, बल्कि एक कानूनी दायित्व है, जिसे हर हाल में लागू करना होगा। यदि सरकार इन बाधाओं का प्रभावी समाधान खोजने में सफल रहती है, तो यह पहल पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बन सकती है।

आर्थिक नजरिए से देखें तो यह निर्णय लंबे समय में गहरा असर डालने की क्षमता रखता है। कैंसर की देर से पहचान इलाज को महंगा बना देती है, जिसका बोझ न सिर्फ परिवारों पर पड़ता है बल्कि राज्य के स्वास्थ्य बजट पर भी असर डालता है। यदि समय रहते रोग की पहचान और उपचार हो जाए, तो इस खर्च को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। जहां एक ओर मुफ्त योजनाएं हर वर्ष खर्च बढ़ाती हैं, वहीं यह पहल भविष्य में होने वाले बड़े आर्थिक बोझ को कम करने का रास्ता दिखाती है। स्वस्थ नागरिक न केवल बेहतर जीवन जीते हैं, बल्कि वे अर्थव्यवस्था में भी अधिक सक्रिय और उत्पादक योगदान दे पाते हैं।

जब कोई राज्य दूरदृष्टि के साथ व्यवस्था में बदलाव का संकल्प लेता है, तो वह केवल अपनी सीमाओं तक नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए दिशा तय करता है–तेलंगाना की यह पहल इसी परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक है। यह स्पष्ट करती है कि कैंसर जैसे गंभीर रोग से मुकाबला केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस आंकड़ों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सुदृढ़ नीतियों से ही संभव है। यह कदम रेखांकित करता है कि वास्तविक प्रगति तात्कालिक लाभ देने वाली योजनाओं में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक ठोस समाधानों में निहित होती है। कैंसर को नोटिफाएबल बीमारी घोषित करना केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की सोच में गहरा बदलाव है–जहां समस्याओं को सतही स्तर पर नहीं, बल्कि उनकी जड़ों तक समझने और सुलझाने की प्रतिबद्धता दिखाई देती है। यह पहल किसी चुनावी रणनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की एक स्थायी शुरुआत है, जिसे पूरे देश में अपनाया जाना चाहिए।

–प्रो. आरके जैन

## बांग्लादेश-भारत संबंधों में सुधार की उम्मीद

बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस सप्ताह नए प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर के साथ भारत का दौरा किया। उम्मीद है कि इस दौरे से ढाका में बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाली नई सरकार और भारत सरकार के बीच संबंधों में सुधार होगा। विदेश मंत्री के रूप में रहमान का यह पहला विदेश दौरा नहीं है।

पिछले महीने वह इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईएस) की बैठक के लिए सऊदी अरब गए थे, जहां उन्होंने पाकिस्तान सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। खबरों के अनुसार, भारत में हुई उनकी बैठक में बांग्लादेश ने अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखी, जो इस समय भारत में निर्वासन में हैं।

फिर भी, भारत को इस महत्त्वपूर्ण रिश्ते को फिर से मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। अतीत में उससे कई गलतियां हुई हैं। बांग्लादेश की घटनाओं और चुनावों के कारण मजबूर होने से पहले ही उसे बीएनपी के साथ संबंध सुधारना शुरू कर देना चाहिए था।

असम और पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनावों के प्रचार के दौरान व्याप्त तनावपूर्ण माहौल से इस प्रक्रिया में और भी बाधा आ रही है, जहां कथित 'घुसपैठ' एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। बांग्लादेश में भी विरोध प्रदर्शन और कट्टरपंथी गतिविधियां हुई हैं, जिनमें अखबारों समेत कथित 'भारत समर्थक' हितों और गतिविधियों को निशाना बनाया गया है। कूटनीति इस कठिन राजनीतिक माहौल को नजरअंदाज नहीं कर सकती, बल्कि इससे पार पाने के लिए उसे प्रयासरत रहना चाहिए।

सहयोग के लिए एक व्यावहारिक एजेंडा है जिस पर दोनों पक्षों को काम करना चाहिए। कनेक्टिविटी अवसंरचना, व्यापार सुगमता और ऊर्जा नीति ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें प्रभावी रूप से राजनीति से मुक्त किया जा सकता है और जिनसे ऐसे समाधान निकल सकते हैं जिनमें दोनों पक्ष अपनी जीत का दावा कर सकें। इस तरह के ठोस परिणाम सद्भावना पैदा कर सकते हैं और साथ ही किसी भी सरकार को कठिन राजनीतिक सवालों का तुरंत सामना करने से बचा सकते हैं।

यह निर्विवाद है कि बांग्लादेश में चीन की बढ़ती रणनीतिक उपस्थिति स्वाभाविक रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है और इससे इस सहयोग में तत्परता आएगी, लेकिन भारत को निश्चित रूप से बांग्लादेश को चीन के साथ अपनी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने के प्रलोभन से बचना चाहिए। न ही बांग्लादेश को पाकिस्तान के अधीन माना जाना चाहिए, भले ही वह उस देश के साथ संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रहा हो।

इसके बजाय, उसे निरंतर, उच्च स्तरीय सहयोग बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो यह संकेत दे कि भारत बांग्लादेश को एक ऐसे पड़ोसी के रूप में गंभीरता से लेता है जिसके अपने वैध हित हैं और जो राजनीतिक बदलाव से गुजरा है।

–सुनील कुमार महला

# सुरों की बारिश थम गई, आशा फिर भी भीगती रही

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानो उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों–जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो।

बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहाँ अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरुआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरुआत एक ऐसी सशक्त आवाज़ का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी।

उनके करियर में सफलता और ऊँचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। 'तीसरी मंजिल' का 'आजा आजा', 'हरे राम हरे कृष्णा' का 'दम मारो दम' और 'उमराव जान' का 'दिल चीज क्या है' भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज़ ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया।

व्यक्तिगत जीवन में आशा भोसले ने कई संघर्षों का सामना किया, जिसने उन्हें सशक्त बनाया। कम उम्र में विवाह, पारिवारिक असहमति और बाद में वैवाहिक अलगाव ने उनके जीवन को प्रभावित किया, फिर भी बच्चों–हेमंत, वर्षा और आनंद–की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने संगीत से दूरी नहीं बनाई। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। बहन लता मंगेशकर के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन संगीत ने उन्हें हमेशा जोड़े रखा। उन्होंने 'आशा' नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म 'माई' से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है।

आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, ग़ज़ल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज़ दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुँचा। 'ये मेरा दिल' जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं 'लगान' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज़ ने भारतीय संगीत की सीमाएँ लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं।

जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और यूट्यूब के माध्यम से नई पीढ़ी से सीधा संवाद स्थापित किया। 2026 में गोरिलाज जैसे अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ उनका अंतिम सहयोग उनकी प्रयोगधर्मिता और नवाचार के प्रति समर्पण का सशक्त प्रमाण बना। उनकी पोती जनाई भोसले भी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं, जिससे यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित है। उनकी विरासत केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि संपूर्ण भारतीय संगीत जगत में व्यापक रूप से फैली हुई है। आज जब उनकी धुनें स्मृतियों में गूंजती हैं, तो नई पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कला समय की सीमाओं से परे होती है और स्वर कभी समाप्त नहीं होते, वे केवल रूप बदलकर सदा जीवित रहते हैं।

आशा भोसले का जाना केवल एक कलाकार की विदाई नहीं, बल्कि भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अवसान है। फिर भी यह अंत पूर्ण नहीं, क्योंकि उनके गीत समय के साथ अमर रहेंगे। जब भी कोई पुराना गीत गूंजता है, उनकी आवाज़ फिर वातावरण में जीवंत हो उठती है। संघर्ष, नवाचार और समर्पण के बल पर उन्होंने सिद्ध किया कि संगीत केवल कला नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा है। आज देश और दुनिया भर में उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। उनका नाम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। आशा भोसले–एक स्वर-आत्मा, जो समय से परे जाकर भी अमर है और सुरों की दुनिया में सदा प्रकाश बनकर चमकती रहेगी।

–कृति आरके जैन

# पाकिस्तान की मध्यस्थता लेकिन असली खेल तो मुनीर का है!



खबरों में कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री इशाक डार अपने देश के सहयोगियों को एकजुट करने और ईरान तथा अमेरिका को स्थायी रूप से युद्ध विराम के लिए राजी करने के वास्ते लगातार टेलीफोन पर बातचीत कर रहे हैं। लेकिन इन वार्ताओं में असली ताकत निस्संदेह फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के हाथ में है।

मुनीर पाकिस्तान के इतिहास में केवल दूसरे फील्ड मार्शल हैं। लेकिन वह सिर्फ फील्ड मार्शल ही नहीं हैं, वह सेना प्रमुख (सीओएएस) और रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) भी हैं। यह सब पिछले साल पारित पाकिस्तान के संविधान के 27वें संशोधन के जरिये किया गया। संशोधन किसी भी पांच सितारा सैन्य अधिकारी को अभियोजन से आजीवन छूट प्रदान करता है। यह रैंक वर्तमान में केवल मुनीर के पास है।

सीडीएफ को हटाने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है (निर्वाचित प्रधानमंत्री को हटाने के लिए केवल साधारण बहुमत ही पर्याप्त होता है)। यह रैंक मुनीर को वायु सेना और नौ सेना बलों से ऊपर रखता है। सीडीएफ के रूप में, वह सामरिक योजना प्रभाग पर पूर्ण कमान रखते हैं, जो पाकिस्तान के परमाणु भंडार का प्रबंधन करता है। वह साल 2022 से सेना प्रमुख का पद संभाल रहे हैं।

उनके पद में तब्दीली करते हुए सीडीएफ के रूप में उनका कार्यकाल पांच साल के लिए 2030 तक बढ़ा दिया गया है। पाकिस्तान में 2029 में आम चुनाव होंगे। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि इसे पांच साल के लिए क्यों बढ़ाया गया है, चार या तीन साल के लिए क्यों नहीं।

इन सभी सावधानियों की क्या जरूरत थी? जरा उन परिस्थितियों पर गौर कीजिए जिनमें वह सेना प्रमुख बने। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री इमरान खान ने मुनीर को इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के पद से हटाकर उनकी जगह फैज हमीद को नियुक्त कर दिया। मुनीर को क्वार्टर मास्टर जनरल (क्यूएमजी) बनाकर पदावनत कर दिया गया, जो किसी भी पाकिस्तानी (या किसी भारतीय के मामले में भी) सेना अधिकारी के लिए अपमानजनक पदावनति मानी जाती है।

मुनीर ने अपनी नौकरी इसलिए खोई क्योंकि उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को उनके घर में चल रहे भ्रष्टाचार के बारे में बताया था, जिसमें खान की पत्नी बुशरा बीबी को दोषारोपित किया गया। जब शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने हमीद को जेल भेज दिया, जो एक तीन सितारा अधिकारी के कोर्ट-मार्शल का एक दुर्लभ मामला था, और मुनीर को सेना के सर्वोच्च पद पर नियुक्त कर दिया।

मुनीर ने तेजी से कदम उठाए। उन्होंने अफगानिस्तान और तालिबान शासन पर एक निर्णायक नीति की रूपरेखा तैयार की, जो कथित तौर पर काबुल के संरक्षण में काम कर रहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की कार्रवाइयों से नाराज थे। उन्होंने मध्य एशिया, खाड़ी देशों और ईरान के संबंध में पाकिस्तान की नीति को फिर से परिभाषित किया।

उनके व्यक्तित्व में एक और खूबी है। वह हाफ़िज़ हैं, जिसका अर्थ है कि उन्होंने कुरान की हर आयत को याद कर रखा है। अपने करियर के शुरुआती दौर में रियाद में पाकिस्तान के ?डिफेंस अताशे के रूप में उन्होंने कई स्थायी संबंध बनाए और स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद वहीं रुककर कुरान की अपनी समझ और स्मृति को ताजा करने का फैसला किया।

उनकी सैन्य कुशलता में इससे कितना इजाफा हुआ है, यह शायद हम कभी न जान पाएं। लेकिन इससे 'इस्लामी कूटनीति' का एक नया दौर शुरू हो गया है, जिससे पाकिस्तान खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और इस्लामी सम्मेलन संगठन (ओआईसी) सहित इस्लामी दुनिया का स्वघोषित नेता बन गया है। पिछले साल, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच दशकों पुरानी अनौपचारिक समझ को एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते में बदल दिया गया।

इस समझौते में स्पष्ट रूप से कहा गया है~ 'एक के विरुद्ध आक्रमण दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।' इस प्रकार मुनीर ने सऊदी अरब को मजबूर कर दिया है कि अगर पाकिस्तान भारत पर हमला करता है, तो वह किसी एक पक्ष का साथ दे, ऐसा कुछ जो सऊदी अरब अब तक करने को तैयार नहीं था। यह एक अलग बात है कि सऊदी अरब खुद को कुछ ठगा हुआ सा महसूस कर रहा है। जब उसने ईरानी मिसाइल हमलों से खुद को बचाने के लिए पाकिस्तान से हवाई रक्षा प्रणाली मांगी, तो पाकिस्तान मदद करने को इच्छुक और सक्षम नहीं था।

सऊदी अरब वर्षों से यमन में विद्रोही हूतियों के खिलाफ अपने युद्ध में पाकिस्तान से सैनिक तैनात करने का अनुरोध कर रहा है। पाकिस्तान अब भी पहले की तरह ही टालमटोल कर रहा है।

वर्ष 2025 में पाकिस्तान ने गुलमर्ग में निहत्थे नागरिकों पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उस दौरान पाकिस्तान को लगा कि मुनीर ने बहुत बढ़िया काम किया और उन्हें फील्ड मार्शल बना दिया गया। लेकिन उन्हें इससे कहीं अधिक तवज्जो मिली। 15 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में बिना किसी सहायक के एक पाकिस्तानी सैन्य प्रमुख को दोपहर के भोज पर आमंत्रित किया।

विश्लेषकों का मानना ??है कि ईरान के परमाणु हथियारों पर हमला करने का विचार इसी बैठक में आया था। बाद में मुनीर का एकमात्र काम रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ अपने संपर्कों के माध्यम से ईरान का मामला देखने का रह गया। तब से लेकर अब तक, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कम से कम दस मौकों पर उनकी जमकर प्रशंसा की है, उन्हें 'एक महान योद्धा', 'एक बहुत महत्त्वपूर्ण व्यक्ति' और 'एक असाधारण इंसान' बताया है।

कई वर्षों से भारत यह सुनिश्चित करने में कामयाब रहा है कि दुनिया के अधिकांश देश पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताकर उसकी असली छवि उजागर करें। लेकिन अब तुर्किये की मदद से सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान को एक सौहार्दपूर्ण और शांतिप्रिय मध्यस्थ के रूप में पेश किया जा रहा है। यह सब मुनीर का काम है।

एक राजनयिक ने इसे सबसे सटीक ढंग से समझाया। उन्होंने कहा, 'अस्थिर वैश्विक बाजार में, भारत कम जोखिम और कम रिटर्न की नीति अपना रहा है, जो एसआईपी रणनीति के समान है, यानी धीमा और स्थिर निवेश। वहीं पाकिस्तान उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की नीति का अनुसरण कर रहा है, जैसे कोई वेंचर कैपिटलिस्ट या हेज फंड मैनेजर। इसमें कोई संदेह नहीं कि उसका रिटर्न अच्छा है, लेकिन इसमें जोखिम भी बहुत अधिक है।'

–धनंजय राजौरा

# सरदार संवाद कार्यक्रम आयोजित, वरिष्ठों ने दिया समाजजनों को अनुभवों का लाभ



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरदार वल्लभभाई पटेल लोकसेवक मंच द्वारा पाटीदार समाज के लोकसेवकों का ÷सरदार संवाद÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोकसेवकों के बीच समन्वय स्थापित करना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा समाजहित में नई दिशा तय करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरुण भीमावद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. राजकुमार पाटीदार (अध्यक्ष, पाटीदार समाज ट्रस्ट), मानसिंह गोठी (अध्यक्ष, अभ्युदय शिक्षण समिति शाजापुर), जुगल नाहर (अध्यक्ष, पाटीदार समाज जिला शाजापुर) एवं गोविंद चौधरी (अध्यक्ष, पाटीदार समाज जिला राजगढ़) उपस्थित थे। समाज के ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम समाज के लोकसेवकों को एक मंच प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत सभी व्यक्तियों को मिलकर कार्य करना आवश्यक है।

मुख्य अतिथि विधायक श्री भीमावद कहा कि पाटीदार समाज सदैव सेवा, परिश्रम और संगठन के लिए जाना जाता रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने लोकसेवकों से समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में एकजुटता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान और विकास की नई संभावनाएं सामने आती हैं। की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में श्री राजेश पाटीदार (प्राचार्य, शासकीय मकोड़ी) ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण पाटीदार ने किया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए निर्देश जारी, हेल्पलाइन नंबर और वन स्टॉप सेंटर सक्रिय

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेशभर में व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। इसके लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा, जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, जहां महिलाओं और बालिकाओं को आपात स्थिति में सहायता, परामर्श, आश्रय और कानूनी सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। इन केंद्रों के माध्यम से पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान कर उन्हें सुरक्षा और न्याय दिलाने की व्यवस्था की गई है।

# सड़क पर अनियंत्रित हो पलटी बाईक, दो युवक घायल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के मक्सी क्षेत्र में शनिवार रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक को इंदौर रैफर किया गया है। जबकि दूसरे का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

दोनों घायल युवक शाजापुर के निवासी हैं। वे शनिवार को मोबाइल खरीदने के लिए इंदौर गए थे और वापस लौट रहे थे। मक्सी के पास लौटते समय सड़क के बीच बनी एक दरार में उनकी बाइक का पहिया फंस गया। इसके कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में बाइक चला रहे बलराम को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें इंदौर रेफर किया गया है। दूसरे युवक गणेश को अपेक्षाकृत कम चोटें आई हैं और उनका इलाज शाजापुर जिला अस्पताल में जारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना के बाद सड़क की खराब स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

# पीएनजी से शेष उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए आयोजित किए जाएंगे विशेष कैंप

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले में एलपीजी के विकल्प के रूप में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को बढ़ावा देने और आगामी तीन माह में जिले में पीएनजी कनेक्शनों का अधिकतम विस्तार करने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशानुसार जहां-जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है, वहां शेष उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में पीएनजी के लाभों की जानकारी दी जाएगी और उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, जिला स्तरीय सीजीडी समिति की बैठकों में नियमित समीक्षा कर कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। जिले में आगामी तीन माह में पीएनजी के विस्तार के लिए अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

पीएनजी अर्थात पाइप्ड नेचुरल गैस, एक ऐसी गैस है जो पाइपलाइन के माध्यम से सीधे घरों, संस्थानों और उद्योगों तक पहुंचाई जाती है। यह एलपीजी सिलेंडर की तरह बार-बार भरवाने की जरूरत नहीं होती, बल्कि लगातार सप्लाई बनी रहती है।

पीएनजी एलपीजी की तुलना में अधिक सुरक्षित मानी जाती है, क्योंकि इसमें गैस लीक होने पर तुरंत पहचान संभव होती है और विस्फोट का खतरा कम होता है। इसके अलावा यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर है। पीएनजी का उपयोग बेहद सुविधाजनक है, क्योंकि इसमें सिलेंडर बुकिंग, डिलीवरी और स्टोरेज की परेशानी नहीं होती। गैस सीधे पाइपलाइन के जरिए उपलब्ध रहती है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

पीएनजी आमतौर पर एलपीजी की तुलना में सस्ती पड़ती है। इसमें उपभोक्ता जितनी गैस उपयोग करता है, उसी के अनुसार बिल का भुगतान करता है, जिससे अनावश्यक खर्च नहीं होता।

# बुजुर्ग को ब्लेकमेल करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## 33 लाख वसूल चुके थे ठग, 20 अप्रैल तक 12 लाख की कर रहे थे डिमांड




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली पुलिस ने एक बुजुर्ग से लाखों रू. की ठगी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शनिवार-रविवार की दरमियानी रात शुजालपुर के भीलखेड़ी रोड पर दबिश के दौरान हुई। मामले को लेकर बुजुर्ग ने पुलिस को शिकायत की थी, क्योंकि आरोपी उससे अब तक 33 लाख वसूल चुके थे और 12 लाख रू. की और डिमांड कर रहे थे।

कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि 70 वर्षीय रमेशचंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी उन्हें लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहे थे। आरोपी उन्हें वीडियो वायरल करने, झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित रमेशचंद्र ने बताया कि आरोपियों ने पहले उनकी बातचीत का एक वीडियो बनाया। इसी वीडियो को आधार बनाकर वे उन्हें डराते और पैसे मांगते रहे। शुरुआत में 5 हजार रुपये लेने के बाद, आरोपियों ने लाखों की मांग शुरू कर दी। धमकियों से डरकर बुजुर्ग ने कई बार नकद राशि दी। आरोप है कि 2023 से 2026 के बीच आरोपियों ने कुल 33 लाख रुपए वसूल लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने लगातार और रकम की मांग जारी रखी। वे 12 अप्रैल तक 20 लाख रुपए देने का दबाव बना रहे थे। इससे परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी शामिल हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और उन्हें जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की आगे की जांच जारी है।

# दुकाने छोड़ सड़क पर उतरे व्यापारी, कार्रवाई का किया विरोध

## व्यापारियों ने बनाई मानव श्रृंखला, टीम ने 11 हजार रू. के बनाए चालान



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में अतिक्रमण हटाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। रविवार दोपहर 3 से 5 बजे के बीच प्रशासन की टीम शहर के खास इलाकों में कार्रवाई करने निकली। इस दौरान बस स्टैंड के पास व्यापारियों ने टीम का जमकर विरोध किया। नाराज दुकानदारों ने करीब आधे घंटे तक अपनी दुकानें बंद रखीं और सड़क पर इकट्ठा होकर रास्ता जाम कर दिया।

जब प्रशासन की टीम बस स्टैंड पहुंची तो वहां के व्यापारी भड़क गए। विरोध को देखते हुए अधिकारी उन्हें समझाने के बजाय आगे बढ़ गए। इसके बाद टीम ने नई सड़क, आजाद चौक, मेडिकल बाजार और किला रोड जैसे इलाकों में सड़क किनारे से अवैध कब्जे हटाए। इस पूरी कार्रवाई के दौरान करीब 11,000 रुपए के चालान भी काटे गए। इसके बाद व्यापारी एसडीएम मनीषा वास्कले से मिले। व्यापारियों का कहना था कि बार-बार की चालानी कार्रवाई से वे तंग आ चुके हैं। उन्होंने मांग की कि दुकानों के बाहर एक पक्की लाइन खिंचवा दी जाए, ताकि उन्हें पता रहे कि दुकान कितनी सीमा तक लगानी है और बार-बार विवाद न हो।

पांचवें दिन भी जारी रही सख्ती- रविवार को पांचवे दिन भी प्रशासन की कार्रवाई जारी रही। इस दिन भी एसडीएम ने सख्ती बरतते हुए चालान बनाए। पिछले चार दिनों से लगातार लोगों को समझाया जा रहा है कि वे सड़क पर सामान न रखें और अवैध निर्माण हटा लें। प्रशासन का मकसद शहर में पार्किंग की व्यवस्था को सुधारना है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने खुद ही चूने की पट्टी डालने का सुझाव दिया है ताकि वे उसके अंदर ही अपनी दुकान लगाएं। व्यापारियों को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही दुकानों की सीमा तय कर दी जाएगी, जिससे यह समस्या बार-बार पैदा न हो। फिलहाल शहर में सख्ती जारी है।

# स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा सुख, आरएसएस का शारीरिक कार्यक्रम आयोजित



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में शनिवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपनी शारीरिक सुदृढ़ता और सांगठनिक अनुशासन का प्रभावी प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आरंभ ध्वज प्रणाम और सामूहिक वंदे मातरम गान से हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने दंड, पद विन्यास, सामूहिक समता, नियुद्ध, डंबल योग और घोष जैसी विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक कैलाश सूर्यवंशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह दिलीप कलमोदिया ने अपने संबोधन में नियमित व्यायाम, योग और प्राणायाम के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक रूप से सशक्त नागरिक ही एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के ष्स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा सुख हैष् के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नगर कार्यवाह प्रवीण पाटीदार मंच पर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने जोर दिया कि अनुशासित और स्वस्थ स्वयंसेवक विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा और निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# महिला से की छेड़छाड़, पुलिस ने किया मामला दर्ज

## दो साल से परेशान कर रहा आरोपी

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मक्सी पुलिस ने एक महिला को दो सालों से परेशान कर रहे एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी फिलहाल फरार है जिसकी गिरफ्तारी के पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अकबर खां के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि वह एक सरकारी स्कूल में भोजन बनाने का काम करती है। आरोपी अकबर पिता सलामत खां निवासी तलाई मोहल्ला का स्कूल में आना-जाना लगा रहता था, जिससे वह उसे पहचानती थी। आरोपी अकबर खां पिछले लगभग दो सालों से उसका पीछा कर रहा था और उसे परेशान करता था। वह स्कूल आते-जाते समय उसका पीछा करता और जबरन शादी करने का दबाव बनाता था। डर के कारण महिला ने पहले यह बात अपने घरवालों को नहीं बताई थी। अकबर खां ने 8 अप्रैल को भी महिला को स्कूल से घर लौटते समय रोका और मस्जिद चौक के पास उसका हाथ पकड़कर जबरन गाड़ी पर बैठाने का प्रयास किया और उसकी साड़ी का पल्लू खींचा। महिला किसी तरह वहां से बचकर अपने घर पहुंची। उसी रात आरोपी फिर उसके घर के बाहर आया और अश्लील गालियां देने लगा। उसने फिर से जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने महिला और उसकी बेटी को भी गालियां दीं और थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद महिला ने अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद शनिवार को वह परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अकबर पिता सलामत खां के खिलाफ धारा 74, 75(1)(प), 76, 78(2), 296(बी), 115(2), 225, 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी अभी भी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

# शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे-उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकरजी जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मल्हार स्मृति मंदिर देवास में उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ

भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक देवास श्रीमती गायत्रीराजे पवार, हाटपीपल्या विधायक श्री मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह सेंधव, श्री दुर्गेश अग्रवाल, श्री राजेश यादव, श्री संजय दायमा, श्री भेरूलाल अटारिया, भरत चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्री शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर श्री संजीव कुमार जैन अन्य अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति तथा हितग्राहीगण उपस्थित थे।

# लाड़ली बहनों के खाते में डाली 25 करोड़ से अधिक की राशि

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से शाजापुर जिले की 1 लाख 71 हजार 30 लाडली बहनाओं के बैंक खाते में 25 करोड़ 65 लाख 45 हजार रूपये की राशि अंतरित की गयी। इस दौरान जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाडली बहना के राज स्तरीय कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी नेहा चौहान द्वारा उपस्थित महिलाओ को जिले में चलाये जा रहे पोषण पखवाडा गतिविधि की जानकारी देते हुए मातृ एवं शिशु पोषण के सम्बन्ध में जानकारी दी एवं बच्चो को मोबाईल और टीवी के उपयोग को कम करने देने की सलाह दी गई।

# उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने करनावद में अमृत 2.0 योजनांतर्गत 1169.26 लाख रुपए की लागत की जलप्रदाय परियोजना का किया भूमिपूजन



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने नगर परिषद करनावद में अमृत 2.0 योजनांतर्गत 1169.26 लाख रुपए की लागत से बनने जा रही जलप्रदाय परियोजना का भूमिपूजन किया तथा करनावद में 184.71 लाख रुपए की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक बागली श्री मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह सेंधव, श्री नंदकिशोर पाटीदार, श्री राजेश यादव, नगर परिषद करनावद अध्यक्ष श्री परसराम पाटीदार, श्री भेरूलाल अटारिया, अपर कलेक्टर श्री संजीव कुमार जैन, बागली एसडीएम श्री शिवम यादव, नगर परिषद के पार्षदगण सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर परिषद करनावद में लगभग 18 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बागली विधानसभा में लगभग 300 करोड़ रुपए की राशि के विकास कार्य हुए हैं। सरकार का काम है कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। शासन द्वारा इसके लिए दिन रात कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वायपेयी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने गांव को सड़क से जोड़ने का काम किया। देश के गांवों को सड़क से जोड़ने की योजना प्रारंभ की। उन्होंने नदियों को जोड़ने की योजना बनाई। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की, जिनका लाभ आज नागरिकों को मिल रहा है।

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हर गरीब की छत हो इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की। आज इस योजना से देश के करोड़ों लोगों के पक्के का सपना पूरा हो गया है। इस योजना जहां पहले कभी कच्चे मकान हुआ करते थे, आज वहां पर पक्के मकान बन गए हैं। यह सब प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शीता का ही प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने पक्के मकान में प्रकाश के लिए बिजली का प्रबंधन किया तथा महिलाओं को खाना बनाने में परेशानी न हो इसके लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन दिए। गरीबों के लिए निःशुल्क राशन की व्यवस्था की।

# ज्योतिबा राव फुले की द्विशताब्दी जन्म वर्ष का हुआ शुभारम्भ



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस यादगार कमेटी देवास ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल,पर पुष्प अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विनोद प्रजापति और साथियों ने अगर हो सके तो अब कोई शम्मा जलाइये गीत प्रस्तुत किया।

इसके बाद अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। ज्योतिबा राव फुले के विचारों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिवांगी सिसोदिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म एक ऐसे समय में हुआ था जब देश में विभिन्न तरह की कुप्रथाएं चल रही थी। उस समय देश में जातिवादी सोच, छुआ छूत, पर्दा प्रथा , बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुप्रथाएं चलती थी, जिनको धर्म का नाम दिया जाता था। ज्योतिबा राव फुले ने धार्मिक कुप्रथाओं और जाति प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया।


उस समय महिलाओं और तथाकथित दलित वर्ग को पढ़ने लिखने का अधिकार नहीं था। छोटी-छोटी बच्चियों का विवाह 50-60 साल के बुजुर्ग के साथ कर दिया जाता था। इन सब कुप्रथाओं के खिलाफ और विधवा पुनर्विवाह को लेकर महात्मा ज्योतिबा राव ने संघर्ष किया। तथाकथित दलित जाति के लोगों का जाति के आधार पर शोषण किया जाता था। उनको सार्वजनिक जलाशयों से पानी नहीं पीने दिया जाता था। महिला शिक्षा को लेकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले, सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख, उस्मान शेख, आदि लोगों ने स्कूल खोले।

महात्मा ज्योतिबाराव फुले ने सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को पढ़ाया। फिर उनकी पत्नी ने महिलाओं को पढ़ने के लिए स्कूल खोले। इस तरह सावित्रीबाई फुले देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। ऐसे समय में समाज के लोगों का बहिष्कार झेलते हुए आम जनता से चंदा इकट्ठा करके ज्योतिबाराव फुले और उनके साथियों ने स्कूल खोले और आज उनके जन्म के 200 साल बाद स्थिति बहुत अलग है ।आज देश भर में लाखों सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। जिसमें मध्य प्रदेश के 94000 सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं। वहीं देवास जिले के 104 सरकारी स्कूलों को भी बंद करने का फरमान जारी किया हैं एक समय क्रांतिकारी, महान मनीषियों ने स्कूल खोलने के लिए, सबको शिक्षा मिल पाए इसके लिए आजीवन संघर्ष किया तब जाकर देश के शोषित पीड़ित दलित लोगों को शिक्षा मिल पाई, लेकिन आज शिक्षा को आम लोगों की पहुंच से दूर किया जा रहा है ।इसके खिलाफ हमें क्रांतिकारियों को मानते हुए लगातार आंदोलन संचालित करना होगा। स्कूल बचाओ आंदोलन में गांव-गांव,शहर-शहर में संघर्ष कमेटी का निर्माण किया जा रहा है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस यादगार कमेटी देवास क्रांतिकारियों और महान मनीषियों के विचारों को छात्रों और आम जनों तक ले जाने का काम कर रहा है, ताकि क्रांतिकारियों और महान मनीषियों के जीवन संघर्ष से सीख लेकर स्कूल बचाओ आंदोलन को तेज कर पाए।

# सनातनी आस्था का केंद्र बना दुर्गा धाम

**स्थापना महोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 121 यूनिट रक्तदान और गौ-सेवा का संकल्प**



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अध्यात्म और सेवा की त्रिवेणी, दुर्गा धाम ने शनिवार को अपनी स्थापना के 30 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किए। इस अवसर पर धाम परिसर में भव्य स्थापना महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा धाम के संस्थापक और प्रखर सनातनी प्रचारक मनीष भैया द्वारा की गई विशेष महाआरती से हुआ। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच जब माँ दुर्गा की आरती हुई, तो पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। इस दौरान मनीष भैया ने सभी भक्तों के कल्याण और क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की।

इस महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मनीष भैया द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान रहा। उन्होंने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की पुरजोर मांग करते हुए एक मुहिम छेड़ी है। इस अभियान को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिला। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने फॉर्म पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया और गौ-संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए धाम परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं और श्रद्धालुओं में रक्तदान को लेकर भारी उत्साह देखा गया, जिसके परिणामस्वरूप 121 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सेवा के क्षेत्र में इसे एक बड़ा आंकड़ा माना जा रहा है, जो भविष्य में कई जरूरतमंदों का जीवन बचाने में सहायक होगा।

दुर्गा धाम की बढ़ती ख्याति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस महोत्सव में केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के दूरस्थ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 2100 से अधिक भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की।

उल्लेखनीय है कि मनीष भैया लगातार श्रीमद् भागवत कथाओं के माध्यम से जन-जन को सनातन धर्म की राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में दुर्गा धाम द्वारा गौ-सेवा के प्रकल्प भी चलाए जा रहे हैं। नगर में प्रतिदिन चलने वाला ग्रास रथ इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जो नगरवासियों से गौ-ग्रास एकत्रित कर गौ माता के भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करता है।

इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि दुर्गा धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि समाज सुधार और राष्ट्र उत्थान का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

# जैन सोश्यल ग्रुप नागदा द्वारा वर्षीतप आराधकों का बहुमान



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** तप ही जीवन का वास्तविक सार है, इसी बात को आत्मसात करते हुए नगर के तेरह श्रावक श्राविकाओं द्वारा वर्षीतप आराधना का महायज्ञ सम्पन्नता की ओर अग्रसर है। जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा वर्षीतप आराधकों का अनुमोदनार्थ बहुमान किया गया। इस बहुमान समारोह के पूर्व तीर्थंकर चौबीसी का भव्य आयोजन भी रखा गया। सम्पूर्ण आयोजन का लाभ वीरेन्द्र कुमार सुशील कुमार सचिन कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया । स्वागत उद्बोधन ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने दिया । कार्यक्रम का संचालन मनोज वागरेचा ने किया एवं आभार सचिव प्रशांत नाहर ने माना ।

इस अवसर पर अरविंद नाहर , कमल जैन , दिलीप कांठेड़, शरद जैन , श्रेणिक बम, सुरेन्द्र कांकरिया, मनीष चपलोत, संजय मुरडिया , राजेश सकलेचा, अमित बम, हितेष कांठेड़, रवि संघवी, सिद्धार्थ कांठेड़, सुरेश नाहटा, ब्रजेश बोहरा, राजा कर्नावट, आशीष पोखरना, अंकुर जैन,सतीश जैन सांवेर वाले, राकेश ओरा, यशवंत धूपिया, अर्पित सिसौदिया, मनोज कोठारी, दीपक गांग, दिलीप गांधी, सचिन सकलेचा, साधना जैन, शर्मिला बंम, मनीषा गांग, डॉ नितिशा वागरेचा, संगीता बम, संध्या संघवी, विभा बम आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे ।

# आठवें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता व्याख्यान आयोजित



**सुसनेर/ गिरिराज बंजारिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी. सी. गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी काशीराम प्रजापति के नेतृत्व में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में आठवें पोषण पखवाड़ा (09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026) के अंतर्गत कुपोषण के कारण, पहचान एवं रोकथाम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार दांगी (समाजशास्त्र विभाग) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कुपोषण के प्रमुख कारणों, उसके लक्षणों की पहचान तथा उससे बचाव के प्रभावी उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संतुलित आहार, स्वच्छता एवं जन-जागरूकता को कुपोषण से निपटने के प्रमुख उपाय बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार अंजोरिया द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. ताज नुदरत कुरैशी ने किया।

# हेमंत जी के ऑफिस में सादगी के साथ मनाया मंडल अध्यक्ष श्री गोवा का जन्मदिन

**महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन**



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया भारतीय जनता पार्टी मंडल गोलाना के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोवा का जन्मदिन का जहां पूरे क्षेत्र में जगह-जगह जन्मदिन मनाया जा रहा था वही रविवार को 3 बजे नगर बस स्टैंड स्थित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हेमंत मेवाड़ा के ऑफिस में सादगी के साथ जन्मदिन मनाया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश मेवाड़ा लखन सिंह आचार्य हेमंत मेवाड़ा जीवन सिंह परमार सरपंच बहादुर सिंह मेवाड़ा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल पुलिस थाना के पास स्थित मंडल अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह गोवा का पौधारोपण कर सादगी के साथ जन्मदिन मनाया इस अवसर पर प्रकाश मेवाड़ा भोजराज सिंह मेवाडा बल्लू मेवाड़ा अनमोल तिवारी जुझार सिंह मेवाड़ा जीवन सिंह परमार राकेश सांवरिया राजू परमार आदि द्वारा महाकाल की तस्वीर भेंट कर जन्मदिन मनाया जहां अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने मुलथान में ग्रामीणों से किया संवाद, सरकारी योजनाओं पर की चर्चा



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत रविवार को भाजपा नेताओं ने मूलथान पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क किया। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

अभियान के तहत भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़ मुलथान पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री शिवराम सिंह रघुवंशी समेत अन्य नेता व जनप्रतिनिधि भी साथ थे। शुरुआत में ग्राम पंचायत सरपंच देवेंद्र मोदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचंद्र मीणा आदि ने अतिथियो का स्वागत किया। इसके बाद राठौड़ समेत भाजपा नेताओं ने हाट बाजार में घूमकर दुकानदारों व आमजन से संवाद किया। कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव और समस्याएं साझा की। जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर भाजपा संगठन को लेकर कार्यकर्ताओ से चर्चा भी की।

राठौड़ ने कहा कि गांव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सीधा संपर्क स्थापित कर लोगों की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दें और अधिक से अधिक लोगों को उनका लाभ सुनिश्चित कराएं। इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश झारानी, कमल राठौड़, बाबूलाल पाटीदार, वालचंद पटेल, कमल परमार, रजनीकांत, राम, सचिन राठौड़ शरद झारानी, जितेंद्र कुड़ी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

# कलयुग में मन को सर्च इंजन की तरह शुद्ध रखें पंडित कमलकिशोर नागर



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पिंजराया में ठाकुर रतन सिंह गोहिल एवं परिजनों द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रख्यात कथावाचक पंडित कमलकिशोर नागर ने अपनी ओजस्वी वाणी से जीवन प्रबंधन और गुरु-शिष्य परंपरा के गूढ़ रहस्यों को उजागर किया।

कथा के दौरान नागर जी ने मार्मिक उदाहरण देते हुए कहा कि परमात्मा माँ है और उसकी कथा माँ के दूध के समान है। उन्होंने गुरु की महत्ता को गोविंद (ईश्वर) से भी ऊपर बताते हुए कहा कि गलती करने पर ईश्वर दंड देता है, लेकिन गुरु हमेशा प्रेम से समझाता है। उन्होंने आगे कहा कि दुआ देने का अधिकार केवल गुरु के पास है। नागर जी ने आधुनिक जीवनशैली से जोड़ते हुए एक अनोखा उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, जैसे दूध और सब्जी फ्रिज में रखने से खराब नहीं होते, वैसे ही साधु, ब्राह्मण, गाय, बहन और भाणेज आपके जीवन के फ्रिज हैं। इनके संपर्क में रहने से आपका जीवन कभी नहीं बिगड़ता।

वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जैसा हम मोबाइल में सर्च करते हैं, वैसे ही दृश्य सामने आते हैं। ठीक उसी तरह, हमारे मन-मस्तिष्क में जैसे विचार निरंतर चलेंगे, वैसी ही हमारी वृत्ति बनेगी। विचारों का विशुद्धिकरण ही जीवन की असली प्रगति है।

कथा के प्रारंभिक खंड में बाल संत गोविन्द हाटकेश नागर ने सत्संग करते हुए सावधान किया कि आज व्यक्ति का संबंध संसार और ढोंगियों से अधिक है, जिससे जीवन बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा, जब हम एक नारियल भी ठोक-बजाकर और गुणवत्ता देखकर खरीदते हैं, तो फिर अध्यात्म और भक्ति में ढोंगियों पर भरोसा क्यों? असली संबंध ब्रह्म और कथा से होना चाहिए।

व्यास पीठ पर पंडित कमलकिशोर नागर के आगमन पर मुख्य आयोजक रतन सिंह गोहिल, मनोहर सिंह एवं इन्दर सिंह गोहिल ने सपत्नीक पोथी पूजन और कथावाचक की अगवानी की। पंडित जी ने भक्तों से अपील की कि कथा में हमेशा अपनत्व के भाव से आएं, न कि किसी रिश्तेदारी निभाने के बोझ से।

यह जानकारी गोवर्धन सिंह डोडिया (खिलेड़ी) एवं महेंद्र सिंह चावड़ा द्वारा प्रदान की गई। क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन का लाभ ले रहे हैं।

# पोथी यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारम्भ





**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट नगर स्थित अरिहंत कालोनी में हरिहर मंदिर में गोरा महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम भागवत कथा आज दिनांक 12अप्रैल से 18तक भागवत कथा प्रतीदिन 12बजे से 3बजै तक परसोली से पधारे पंडित गोपाल जी शर्मा के द्वारा वाचन किया जा रहा है कलश यात्रा निकाली गई और बडि संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहै है।

# अंबेडकर जयंती पर तहसील परिसर में गरिमामयी आयोजन, विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय ने बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश

**अंबेडकर जयंती पर तहसील परिसर में गरिमामयी आयोजन, विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय ने बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश**



**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्थानीय तहसील परिसर में गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण एवं सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने विषम परिस्थितियों में रहकर भी देश को एक मजबूत संविधान दिया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुंचाने का कार्य किया। उनका जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

डॉ. मालवीय ने कहा कि आज के दौर में बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज में समरसता, समानता और भाईचारा मजबूत हो सके। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से शिक्षा को अपनाने और समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह परिहार, एसडीएम आलोट रचना शर्मा, जनपद पंचायत सीईओ पूजा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोपाल दांगी, शैलेश आँचलिया, बद्रीलाल टेलर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

# प्यास बुझाने का संकल्पः बदनावर में ज्ञानदीप मंडल ने 1100 घरों तक पहुँचाए पक्षियों के वॉटर कूलर



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच बेजुबान पक्षियों को जल संकट से बचाने के लिए बदनावर के ज्ञानदीप मंडल ने सेवा का एक बड़ा संकल्प पूरा किया। मंडल द्वारा रविवार को शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 1100 मिट्टी के जलपात्रों (सकोरें) का निःशुल्क वितरण किया गया।

ज्ञानदीप मंडल के अध्यक्ष विजय बाफना ने बताया कि यह अभियान पिछले 15 वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्मी में प्यास से होने वाली पक्षियों की मृत्यु को रोकना और समाज में जीवों के प्रति संवेदनशीलता जगाना है। सचिव प्रदीप पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों के सूखने से पक्षियों के लिए जीवन कठिन हो जाता है, ऐसे में छतों और बालकनी में रखे ये छोटे पात्र उनकी जीवन रक्षा कर सकते हैं।

वितरण अभियान सुबह 8ः00 बजे स्थानीय अम्बेडकर चौराहे से प्रारंभ हुआ। इसके बाद मंडल के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे निचलावास, दुर्गा चौक, रावतसेरी, भेरूउखलिया, बस स्टैंड, सरस्वती कॉलोनी, अनु नगर, बड़ी चौपाटी, गोकुलधाम कॉलोनी और ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पिटगारा में घर-घर जाकर सकोरे वितरित किए। इस दौरान सड़क पर चल रहे कार और मोटरसाइकिल चालकों ने भी उत्साह दिखाया और वाहन रोककर जलपात्र प्राप्त किए। नागरिकों को प्रेरित किया गया कि वे न केवल पानी भरें, बल्कि नियमित रूप से पात्रों की सफाई करें और पक्षियों के लिए दाना भी डालें।

इस वर्ष सकोरों के निर्माण में मुख्य दान राशि श्रीमती तेजकुवंर बाई (पति स्व. सौभाग्यमलजी संघवी) की स्मृति में उनके सुपुत्र दिलीप संघवी एवं पौत्र शुभम संघवी द्वारा प्रदान की गई। मंडल ने इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम संयोजक चेतन रांका ने जानकारी दी कि पक्षियों के बाद अब बड़े पशुओं के लिए भी योजना तैयार की गई है। आगामी रविवार, 19 अप्रैल 2026 को चिह्नित स्थानों पर सीमेंटेड पानी की बड़ी चाठियाँ (हौज) रखी जाएंगी ताकि गोवंश और अन्य मवेशियों को भी पेयजल सुलभ हो सके। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में वितरण संयोजक चेतन रांका, अर्जुन सिंह पंवार, हेमराज पंवार, राजेश जैन (फुलजीबा), दिनेश हारोड़, निलेश मोदी, मुकेश आर्य, ईश्वरलाल जोशी और पवन पाटोदी सहित मंडल के अनेक सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# झाबुआ आगमन पर नवागत कलेक्टर ने प्राचीन दक्षिणमुखी कालका मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में दर्शन किए



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवागत कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के झाबुआ आगमन पर उन्होंने सपरिवार सर्वप्रथम जिले के आस्था केंद्र प्राचीन दक्षिणमुखी कालका मंदिर पहुंचकर माता कालका के दर्शन किए। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा की गई, जिसमें स्थानीय पुजारी एवं श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। दक्षिणमुखी कालका मंदिर अपनी धार्मिक मान्यता एवं ऐतिहासिक महत्व के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है।

इसके पश्चात कलेक्टर डॉ. भरसट ने श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने जनकल्याण एवं प्रशासनिक दायित्वों के सफल निर्वहन हेतु प्रार्थना की।

इसके उपरांत गेल रेस्ट हाउस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, एसडीएम झाबुआ श्री महेश कुमार मण्डलोई, एसडीएम थांदला श्री भास्कर गाचले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

नवागत कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट सोमवार को विधिवत रूप से कलेक्टर पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

# मेवाड़ राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को

**आयोजक समिति पहुंची मदाना जिला पंचायत अध्यक्ष सहित ग्राम के सामाजिक लोगों से की मुलाकात**



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया 20 अप्रैल को मेवाड़ राजपूत समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहन खेड़ा मोहम्मद खेड़ा खेड़ी नगर जोड़ पर आयोजित किया गया है यहां 33 जोड़े शादी के बंधन में बंधेंगे आयोजक समिति उक्त सामूहिक विवाह सम्मेलन का जोर-जोर से प्रचार प्रसार भी कर रही है प्रचार के दौरान रविवार को ग्राम मदाना गांव पहुंचे सभी आयोजक समिति के सदस्य गण अनेक ग्रामीण जनों से मुलाकात की साथ ही शाजापुर जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया के निवास पहुच कर आमंत्रण पत्र देकर ऐतिहासिक और विशाल आयोजन में आमंत्रित किया जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री सिसोदिया ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कन्यादान स्वरूप 21000 रुपए की राशि दान स्वरूप भैट की साथी ही पूर्व सरपंच भगवत सिंह मंडलोई पूर्व सरपंच प्रेम सिंह पठारिया कमल सिंह सिसोदिया अन्य सामाजिक कार्यकर्ता ने कन्यादान स्वरूप राशि भैट की इस अवसर पर अनेक सामाजिक कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**शोक समाचार**

# बाबूलाल अग्रवाल का वैकुंठवास, आज निकलेगी अंतिम यात्रा



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ स्तंभ और धार्मिक व्यक्तित्व बाबूलाल अग्रवाल का रविवार को दुखद निधन हो गया है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है। स्व. बाबूलाल अग्रवाल पूर्व राज्यमंत्री श्री राजेश अग्रवाल के पिताजी थे। वे अपने मृदुभाषी स्वभाव और धार्मिक प्रवृत्ति के लिए पूरे नगर में पहचाने जाते थे। अग्रवाल लंबे समय तक शहर के प्रतिष्ठित वैष्णव पंच के प्रमुख ट्रस्टी के पद पर रहे और उन्होंने धार्मिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका निधन बदनावर के लिए एक बड़ी अपूर्णीय क्षति है। वे स्व. लालचंद जी अग्रवाल के सुपुत्र एवं स्व. किशोर कुमार, अशोक और महेश अग्रवाल के बड़े भाई थे। अग्रवाल की अंतिम यात्रा आज 13 अप्रैल 2026, सोमवार को सुबह 10 बजे उनके निज निवास, जवाहर मार्ग से निकलेगी।

# स्थानांतरित न्यायाधीशगण का विदाई समारोह आयोजित




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अभिभाषक संघ उज्जैन में आज दिनांक 11 अप्रेल 2026 को संघ सभाकक्ष में स्थानांतरित न्यायाधीशगण का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष श्री ओम सारवान ने बताया कि, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री पी.सी. गुप्ता सा. व कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश महोदय श्री संजीव गुप्ता सा. के आतिथ्य में जिला न्यायालय उज्जैन में पदस्थ श्री संजय श्रीवास्वत सा., सुश्री मंजुला पाण्डेय मैडम, श्री कपिल नारायण भारद्वाज सा., श्री सीतारामदास सा., श्रीमती प्रियंका सोलंकी दास मैडम, सुश्री ज्योति फुस्कले मैडम, श्री राहुल दीवान सा., श्रीमती दिव्यानीसिंह मैडम, श्री अर्पित जैन सा., श्रीमती शुभांगी जैन मैडम का स्थानांतरण होने पर उन्हे श्री महाकालेश्वर भगवान का स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा साफा पहनाकर विदाई सम्मान आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्थानांतरित होकर जिला न्यायालय उज्जैन में पदस्थ हुए न्यायाधीशगण में विशेष सत्र न्यायाधीश श्री सुशील जोशी सा., अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री राकेश कुमार शर्मा सा., अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री बंसल सा., व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी मैडम व व्यवहार न्यायाधीश श्री यश शर्मा सा. का माला व दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद् के निर्वाचन में भागीदारी कर रहे सर्वश्री पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी, संदीप मेहता, डॉ. प्रकाश चौबे, आशीष उपाध्याय, अतुल रैना, प्रेमसिंह बघेल एडवोकेट जयराज मंडेरिया, विवेक यादव का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य श्री रवि शर्मा ने किया तथा आभार सचिव डॉ. प्रकाश चौबे ने माना।

उक्त अवसर पर अतिथियों का स्वागत संघ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहसचिव श्रीमती सुमनलता चौऋषिया, वरिष्ठ अभिभाषक मुरारीलाल पाठक, डी.डी. चौधरी, शेखर श्रीवास्तव, मनमोहन जोशी, विरेन्द्रसिंह परिहार, मोहनलाल कुराड, ओमप्रकाश लोट, बी.एल. शर्मा, हरदयालसिंह ठाकुर, गजेन्द्र कुशवाह, हरीश राठौर, अजीत वर्मा, तनवीर एहमद, हेमन्त वाडिया, आशुतोष शर्मा, गौरव मेहता, नितिन जोशी सहित अन्य अभिभाषकों द्वारा किया गया। उक्त जानकारी कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा द्वारा दी गई।

# ग्वालियर जिले की 3,02,867 लाड़ली बहनाओं के खातों में पहुँची 44.80 करोड़ से अधिक धनराशि

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर जिले की 3 लाख 2 हजार 867 लाड़ली बहनाओं के खातों में रविवार को 44 करोड़ 80 लाख 38 हजार रुपए से अधिक धनराशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित हुए महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के माध्यम से ग्वालियर जिले की लाड़ली बहनाओं सहित प्रदेश भर की लगभग 1.25 करोड़ लाड़ली बहनाओं के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त के रूप में कुल 1836 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। ग्वालियर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित अन्य स्थानों पर वेबकास्टिंग के जरिए लाड़ली बहनाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उदबोधन सुना। साथ ही लाड़ली बहना योजना की 35वी किस्त खातों में आने पर अपनी खुशियां साझा कीं। लाड़ली बहनाओं ने इसके लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार भी जताया।

# जैविक हाट बना लोगों की पसंद



**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी जबलपुर में प्रत्येक रविवार को लगाये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट में इस रविवार को भी नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दिखाई दी। जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस हाट में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है।

जैविक हाट में उपभोक्ताओं द्वारा रसायन मुक्त एवं ताजे कृषि उत्पादों की खरीदारी में विशेष दिलचस्पी दिखाई जा रही है, जिससे किसानों को सीधे बाजार उपलब्ध हो रहा है और उनकी आय में वृद्धि के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 31 कृषकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। हाट में हरी सब्जियां, फल, अनाज, दलहन, मोटे अनाज (मिलेट्स), देशी घी, दुग्ध उत्पाद सहित विभिन्न रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध रहे। गन्ने का ताजा रस, कच्ची घानी से तैयार सरसों, मूंगफली एवं अलसी का तेल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कुंडम क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी के भिलावा एवं महुआ आधारित उत्पादों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और इन्हें काफी पसंद किया गया।

जैविक हाट में उपभोक्ताओं ने किसानों से सीधे संवाद भी किया और उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन पद्धति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। नागरिकों ने बताया कि किसानों से सीधे खरीदारी करने से उत्पादों की शुद्धता के प्रति विश्वास बढ़ता है तथा ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होते हैं। कई उपभोक्ताओं ने नियमित रूप से जैविक हाट से खरीदारी करने की बात भी कही उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने जैविक हाट का निरीक्षण कर किसानों एवं उपभोक्ताओं से चर्चा की। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा श्रीमती मनीषा पटेल के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी वृषभान अहिरवार, अदिति सिंह, प्राची बर्मन, साक्षी तिवारी, सुमित पाटकर, काजल पांडे, साहब लाल पटेल एवं साक्षी ओझा ने जैविक हाट के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाई गई।

# बल्क में गैस उपयोग करने वाले उपभोक्ता पीएनजी गैस कनेक्शन अवश्य लें- कलेक्टर



**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में संचालित मैरिज गार्डन, होटल एवं व्यवसायिक उपभोक्ता अपने यहाँ पर पीएनजी गैस का कनेक्शन लें। ग्वालियर शहर में अवंतिका एवं राजस्थान गैस एजेंसी के माध्यम से पाइप लाइन बिछाई गई है। सभी बल्क उपभोक्ता अपने-अपने यहां पर पीएनजी गैस कनेक्शन अवश्य लें। शहर में जिन क्षेत्रों में गैस लाइन उपलब्ध है उन स्थानों पर गैस का कनेक्शन न लेने वालों को आने वाले दिनों में व्यवसायिक सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को बाल भवन के सभागार में मैरिज गार्डन संचालक, होटल व्यवसायी के साथ-साथ बल्क गैस उपभोक्ताओं के साथ बैठक में यह बात कही। बाल भवन में पीएनजी गैस कनेक्शन की उपलब्धता के साथ-साथ मैरिज गार्डनों में फायर एनओसी, भवन अनुमति, कचरा प्रबंधन के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रतीक राव, अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर व श्री मुनीष सिकरवार सहित विभागीय अधिकारी और मैरिज गार्डन संचालक के साथ-साथ होटल संचालकगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि शहरी क्षेत्र में अवंतिका गैस एजेंसी एवं ग्रामीण क्षेत्र में राजस्थान गैस एजेंसी के माध्यम से पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया है। सभी मैरिज गार्डन संचालक और होटल प्रबंधक अपने-अपने संस्थानों में पीएनजी गैस कनेक्शन प्राप्त कर लें। इसके लिये अवंतिका गैस के संचालकों को अपना-अपना आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि तत्परता से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मैरिज गार्डनों में जिस प्रकार विद्युत बिल उपभोक्ताओं से लिया जाता है, उसी प्रकार गैस के उपयोग पर खर्च होने वाली राशि भी प्राप्त की जा सकती है। पीएनजी गैस कनेक्शन लेने से मैरिज गार्डन एवं होटल संचालकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं बल्कि सुविधा ही उपलब्ध होगी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यह भी निर्देशित किया कि शहर में संचालित सभी मैरिज गार्डन संचालक अपने-अपने मैरिज गार्डन में निर्माण कार्यों की अनुमति, फायर एनओसी, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन के संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# जनभागीदारी से जल संचय बड़वानी में जनभागीदारी से हुआ सामूहिक बोरी बंधान



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल है तो कल है के संकल्प को चरितार्थ करते हुए जिले में जल संचय जन भागीदारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत व्यापक स्तर पर जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न विकासखंडों के 55 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणजनों ने एकजुट होकर सामूहिक श्रमदान किया और बोरी बंधान का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया। इन ग्राम पंचायतों में किया गया बोरीबंधान का कार्य कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न भिन ग्राम पंचायतों में एक साथ बोरी बंधान का कार्य किया गया। बड़वानी जनपद की ग्राम पंचायत लोनसरा खुर्द, निवाली जनपद की ग्राम पंचायत भूरापानी, पानसेलम जनपद की ग्राम पंचायत दोंदवाड़ा, पार्टी जनपद पंचायत की ग्राम सेमली, रोसर, लिंबी, राजपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिनगुन, भामी,मन्दिल, बालसमुन्द, पानवा, बुदरा,खड़की, नरावला, रणगाँव रोड, सालखेड़ा, भोरवाड़ा, रुई, खजूरी, सेंधवा जनपद के ग्राम पंचायत अंजनगाँव में कार्य संपन्न हुए। ग्रामीणों ने कलेक्टर, जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर किया किया श्रमदान अभियान के तहत ग्राम पंचायत लोनसरा खुर्द में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह,जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ने जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनो के साथ एकजुट होकर सामूहिक श्रमदान कर सातमात्रा नाले पर श्रृंखलाबद्ध 4 बोरी बंधान का कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इन स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बहते हुए जल को रोकने के लिए अस्थाई अवरोध जैसे बोरी बंधान का कार्य किया जिससे भू-जल स्तर में सुधार होगा और पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस दौरान सचिव- राजेश गोले, सहायक सचिव - सेलेन गोयल, गांव के वरिष्ठ कालुराम जी लछेटा, शंकर बा चौधरी, शंकर जी परमार, भगवान जी लछेटा, भगवान जी सनपडा, राजेश वास्कले सरपंच, लक्ष्मण कोटवाल, मांगीलाल जी काग, मोहन जी परमार उपस्थित थे।

# परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री समाज गौरव अलंकरण समारोह में हुए शामिल



**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह आज गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक भवन में नेमा समाज द्वारा आयोजित समाज गौरव अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस गरिमामय अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने समाज के आमंत्रण पर आभार व्यक्त करते हुए शहीद स्मारक की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि यह एक ऐसा पवित्र स्थान है, जहाँ देशप्रेमियों के बलिदान की स्मृतियाँ और प्रेरणा हमें गर्व की अनुभूति कराती हैं। उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत की बढ़ती शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा देश अपनी गौरवमयी पृष्ठभूमि के साथ एक सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिसमें नेमा समाज का योगदान सराहनीय और अतुलनीय है।

# एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में 17 से 21 अप्रैल तक मनाया जाएगा 'आचार्य शंकर प्रकटोत्सव'

## एकात्म पर्व' में देशभर के प्रमुख साधु-संतो के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी होंगे शामिल

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में एकात्म पर्व का *पंच दिवसीय भव?य आयोजन 17 से 21 अप्रैल, 2026 तक ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर एकात्म धाम में आयोजित किया जा रहा है । इस पंच दिवसीय मांगलिक अनुष्ठान में भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के शीर्ष संतों, आर्ष चिंतकों और विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी के पावन सान्निध्य तथा संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की उपस्थिति में होगा। आगामी 21 अप्रैल को शंकरावतरणम् कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, दक्षिणामूर्ति मठ के प्रमुख स्वामी पुण्यानंद गिरि प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

पांच दिवसीय कार्यक्रम- पांच दिवसीय कार्यक्रमों के पहले दिन 17 अप्रैल को अद्वैत एवं तद्गुठ्ठ' जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती, स्वामिनी ब्रह्मप्रज्ञानंद सरस्वती, सतावधानी ललितादित्य और विशाल चौरसिया युवाओं के नजरिए से अद्वैत की व्याख्या करेंगे। उड़िया बाबा पर माँ पूर्णप्रज्ञा, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती और आचार्य मिथिलेशनन्दिनी शरण (अयोध्या) इस परंपरा के दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

दूसरे दिन 18 अप्रैल को रामकृष्ण मिशन पर स्वामी जपसिद्धानंद, स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी और स्वामी सर्वभद्रानंद (बेलूर मठ) अद्वैत के सेवा भाव पर प्रकाश डालेंगे, वहीं सिख संप्रदाय पर आयोजित सत्र में निर्मल अखाड़ा के स्वामी दर्शन सिंह और प्रो. जगबीर सिंह अद्वैत और एक ओंकार के अंतर्संबंधों पर विमर्श करेंगे। अद्वैत एवं पर्यावरण विषय पर स्वामी चिदानंद सरस्वती (परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश) और डॉ. बालकृष्ण पिसुपति (हृश्वक्क) अद्वैत दृष्टि से प्रकृति संरक्षण पर बात करेंगे। इसी दिन रमण आश्रम पर आयोजित सत्र में डॉ. वेंकट एस. रमणन, प्रो.भूपेंद्र गोदारा और स्वामिनी सद्वि-द्यानंद सरस्वती महर्षि रमण के आत्म-विचार पर संवाद करेंगे।

महोत्सव के तीसरे दिन 19 अप्रैल को अद्वैत दर्शन को नई पीढ़ी और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए विशेष सत्र रखे गए हैं।

आगामी 19 अप्रैल को अद्वैत एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आयोजित सत्र में स्वामी परम शिवानंद, डॉ. प्रत्युष कुमार, कल्याण मुत्तुराजन और प्रो. राहुल गर्ग ए.आई. और चेतना के विषयों पर चर्चा करेंगे। अद्वैत एवं वैश्विक शांति विषय पर स्वामी परमात्मानंद सरस्वती, प्रो.प्रियंकर उपाध्याय एवं नीमा मजूमदार संवाद करेंगे। इसी दिन सत्त्व, रज, तम कार्यशाला में मानव स्वभाव के गुणों पर आधारित विशेष सत्र में स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी एवं विशाल चौरसिया संवाद करेंगे । वहीं एक भारत- आचार्य शंकर के पदचिह्नों पर आयोजित सत्र में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकट रामन, स्वामी परिपूर्णानंद सरस्वती और अनुराधा गोयल सांस्कृतिक एकता पर संवाद करेंगे।

दिनांक 20 अप्रैल को चिन्मय मिशन पर आयोजित सत्र में स्वामिनी विमलानंद सरस्वती और स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती मिशन के कार्यों और वेदांत के प्रसार पर अपनी बात रखेंगे ।

5 दिन तक देश के प्रमुख कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां- 17 अप्रैल- श्री जयतीर्थ मेवुंडी का शास्त्रीय गायन और शुभदा वराडकर की ओड़िसी प्रस्तुति एकम्।

# ग्वालियर जिले में भी 25 अप्रैल तक मनेगा 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य शासन द्वारा 10 से 25 अप्रैल 2026 तक प्रदेशव्यापी नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। ग्वालियर जिले में भी नारी शक्ति वंदन उत्सव के रूप में यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों से आम जनता को अवगत कराने के प्रयास होंगे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जन-उत्सव के रूप में इस पखवाड़ा के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की गतिविधियों को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये कैलेण्डर बनाया गया है।

# खेतों में नरवाई जलाने वाले 34 ग्रामीणों से 1 लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूला

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों में फसल कटने के बाद नरवाई ना जलाएं, क्योंकि नरवाई जलाने से खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति तो कम होती ही है, साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध अर्थदंड लगाने की कार्यवाही तो करें ही साथ ही प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत भी नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

इसी क्रम में तहसीलदार खंडवा श्री महेश सोलंकी ने बताया कि खंडवा तहसील के विभिन्न ग्रामों के 100 से अधिक लोगों के विरुद्ध खेतों में नरवाई जलाने के प्रकरण बनाए गए हैं, और सभी को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 34 ग्रामीणों से कुल 1 लाख 900 रुपए अर्थदंड वसूला जा चुका है। तहसीलदार श्री सोलंकी ने बताया कि जिन लोगों से अर्थदंड की वसूली अभी तक की गई है उनमें खंडवा तहसील के ग्राम कनवानी के श्री मुरलीधर, बेनसिंह, उमाशंकर, विनोद और पुष्कर से 3000- 3000 रु. अर्थदंड की वसूली की गई है। इसी तरह ग्राम मानपुर के ईश्वर, शोभाराम त्रिलोकचंद और महेश से 3000-3000 अर्थदंड वसूला गया है। जबकि शरद कुमार और उषा से 2-2 हजार, शिव शंकर से 2900 रु., अर्थदंड की वसूली की गई है। खंडवा के तहसीलदार श्री सोलंकी ने बताया कि ग्राम मछोड़ीरैयत की शहनाज बी, शाकिर, लखन और सलमान से 3000- 3000 अर्थदंड वसूला गया है। जबकि ग्राम सरई के भैयालाल से ढाई हजार रुपए, ग्राम सावखेड़ा के देवी सिंह से ढाई हजार रुपए, ग्राम रामपुरी रैयत के रमेश से 5000 तथा बरार रैयत के रायसिंह से 5000 की अर्थदंड वसूली की गई है। ग्राम सराय के मोहन और मनोज से 5000- 5000 रुपए, माथनी बुजुर्ग के आसिफ खान और भाईराम से ढाई ढाई हजार रुपए, सुरगांव बंजारी के मोहन सिंह, पर्वत सिंह और दुर्गा सिंह से ढाईढ्ढाई हजार रुपए, ग्राम बेड़ियाव के अल्ताफ, साहिल, जगन और श्रीराम से ढाईढ्ढाई हजार रुपए तथा ग्राम भंडारिया की अनुबाई, पंकज और रामपाल से ढाईढ्ढाई हजार रुपए अर्थदंड वसूला गया है।

# गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिए



**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल प्रबंधन के लिये पुख्ता प्रबंधन किए जाएं। शहर के किसी भी वार्ड में गर्मी के मौसम में नागरिको को पेयजल की समस्या न आए। इसके साथ ही नाला सफाई के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ किया जाए ताकि बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति न हो।

कलेक्टर ने रविवार को नगर निगम के बाल भवन सभागार में पेयजल प्रबंधन, सीवर संधारण एवं वायु सुधार कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में पेयजल प्रबंधन, सीवर संधारण एवं वायु सुधार कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रतीक राव, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी हैंडपंपों और ट्यूबवेलों में क्लोरीनेशन का काम कराया जाए। इसके साथ ही पानी की सेम्पलिंग का कार्य भी अभियान चलाकर 7 दिन में किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शहर में कहीं पर भी बोर खुला नहीं पाया जाना चाहिए। इसके साथ ही शहर में स्थापित सभी हैंडपंपों के संधारण का कार्य भी अभियान चलाकर किया जाए। गर्मी के मौसम में कोई भी हैंडपंप बंद नहीं रहना चाहिए। जिन क्षेत्रों में पेयजल वितरण में समस्या है, उन क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार बोर कराने का कार्य भी किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन क्षेत्रों में बोर कराया जाए वहां पर 5 हजार लीटर क्षमता की टंकी भी अवश्य रखवाई जाए। बहुत आवश्यक होने पर ही टैंकर के माध्यम से पानी की उपलब्धता कराई जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि सीएम हैल्पलाइन में पेयजल समस्या के संबंध में जो भी शिकायतें पंजीबद्ध हैं उनके निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। गर्मी के मौसम में पेयजल वितरण व्यवस्था में पानी के टैंकरों के लिये जनप्रतिनिधियों से भी उनकी निधि से टैंकर प्रदान करने का आग्रह किया जाए। सीवर संधारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बरसात से पहले सभी नालों की सफाई का अभियान चलाकर कार्य किया जाए। सीवर संधारण के संबंध में भी सीएम हैल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत किया जाए। गंदे पानी की शिकायत कहीं से भी प्राप्त होने पर सर्वोच्च प्राथमिकता से उसे ठीक करने का कार्य किया जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी का जो स्तर नीचे जाता है उन स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य हाथ में लिए जाएं। इसके साथ ही हैंडपंपों और पानी के बोरों के आसपास प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को भी प्राथमकता से किया जाए ताकि गंदे पानी की कोई शिकायत न रहे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि शहर में जिन स्थानों पर नालों में कचरा डालने की शिकायतें रहती हैं उन स्थानों पर नाले पर जाली लगाने की कार्ययोजना भी तैयार की जाए ताकि सफाई के उपरांत नालों में कचरा न डाला जा सके। वायु सुधार कार्यक्रम की हुई समीक्षा कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शहरी क्षेत्र में वायु सुधार कार्यक्रम के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शहर में वायु सुधार के लिये आवश्यक सभी प्रबंधन करने के निर्देश दिए।


# कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र)

// निविदा सूचना //

सूचना क्रं./09/लो.नि.वि./26 — देवास, दिनांक 08.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_498822_1 | वार्ड क्र. 06 श्रीराम गौड जी के मकान से श्रीराम मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 19,30,000/- | 2,000/- 14,475/- | 22/04/2026 |
| 2 | 2026_UAD_498802_1 | वार्ड क्र. 13 सीताराम नगर मे पॉयोनियर स्कूल के पीछे सी. सी. रोड निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 8,90,000/- | 2,000/- 8,900/- | 22/04/2026 |
| 3 | 2026_UAD_498840_1 | वार्ड क्र. 23 कालानी बाग सी सेक्टर मे देवास डाक तार सोसायटी के पास सी.सी. रोड निर्माण। (द्वितिय निविदा) | 60 दिवस 16,53,000/- | 2,000/- 12,398/- | 22/04/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम देवास (म.प्र)


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# 20 को अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त होगी शादियां



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सूर्य 14 अप्रैल को सुबह 9ः52 बजे मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास की समाप्ति मानी जाती है। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी और लोग विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत जैसे शुभ कार्य कर सकेंगे।

14 मार्च की रात 11ः59 बजे सूर्य ने कुंभ राशि को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश किया था। इस दौरान एक माह तक विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक रही। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, सूर्य के मेष राशि में प्रवेश को मेष संक्रांति कहा जाता है। संक्रांति का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना। इस बार सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जहां वे उच्च स्थिति में माने जाते हैं। मेष राशि का स्वामी मंगल है। इस अवधि में आने वाले व्रत-त्योहार और शुभ मुहूर्तों का विशेष महत्व रहेगा, जिनके आधार पर विभिन्न संस्कारिक कार्य संपन्न किए जा सकेंगे।

सर्वार्थ सिद्धि योग में अक्षय तृतीया- 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर देशभर में बिना मुहूर्त के विवाह होंगे। पंचांग गणना के मुताबिक इस वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि सोमवार, 20 अप्रैल को रोहिणी नक्षत्र में पड़ रही है। सोमवार के दिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग सर्वार्थ सिद्धि योग बनाता है, वहीं मध्य रात्रि में सोमवार के साथ मृगशिरा नक्षत्र का योग अमृत सिद्धि योग का निर्माण करता है। इस कारण अक्षय तृतीया इस बार विशेष पुण्यकाल वाली रहेगी। इस दिन भगवान विष्णु की प्रसन्नता के लिए विभिन्न प्रकार के पूजन का विधान धर्मशास्त्रों में बताया गया है। पंचांग गणना के अनुसार, इस वर्ष 17 मई से पुरुषोत्तम अधिक मास की शुरुआत होगी, जो भारतीय कैलेंडर के अनुसार प्रथम अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में आएगा। अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। इस पूरे महीने में धार्मिक अनुष्ठान, सत्संग, तीर्थ यात्रा और कल्पवास जैसे कार्यों का विशेष महत्व रहेगा। यह अवधि 15 जून तक चलेगी। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी।

## नरवाई जलाने पर दो किसानों के खिलाफ केस



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागदा क्षेत्र में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने पर दो किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

उज्जैन जिले में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रशासन की मनाही और कड़ाई के बाद भी कई किसान खेतों में आग लगा रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि जमीन की ताकत भी कम हो रही है। इस मामले में प्रशासन ने दो किसानों पर कार्रवाई भी की है। इन पर केस दर्ज किया गया है। गेहूं की कटाई के बाद खेत में फसल का जो मोटा हिस्सा बच जाता है, उसे साफ करने में मेहनत और पैसा ज्यादा लगता है। इसी खर्च और समय को बचाने के चक्कर में किसान शॉर्टकट अपनाते हुए आग लगा देते हैं। प्रशासन अब ऐसे किसानों पर नजर रख रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर तक की जा सकती है।

## 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण द्वारा शिवशक्ति महामृत्युंजय महायज्ञ संपन्न





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार्मिक नगरी शिप्रा तट के समीप शहनाई गार्डन में सनातन संसार द्वारा आयोजित शिव शक्ति महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ आचार्य वैदिक आचार्य पंडित धनीराम शास्त्री ने बताया कि 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण एक साथ एक संकल्प के साथ एक अग्नि की शक्ति से इस ऐतिहासिक महायज्ञ को संपन्न कर रहे हैं। यह महायज्ञ सनातन धर्म की पुनर्स्थापना, विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण और समस्त प्राणियों के मंगल के लिए समर्पित है देश के कोने-कोने से आए 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण के मुख्य से निकले वेद मंत्र आज इस पवित्र धरती को और भी पावन बना रहे हैं जो भी श्रद्धालु इस एक यज्ञ नहीं देख रहे वह सनातन इतिहास के उसे अध्याय के साक्षी बन रहे हैं जो आने वाली पीढियां याद रखेगी महाकाल की असीम कृपा से आज इस महायज्ञ की आहुतियां आपके घर तक पहुंचेगी। आपके परिवार को सुरक्षा मिलेगी आपके जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होगा। और आपके हर संकट का निवारण होगा। इस महायज्ञ का संकल्प है सभी सनातनियों तक धर्म को पहुंचना धर्म का विषय पहुंचना धर्म से जोड़ना और धर्म के लिए प्रेरित करना है। पूरे विश्व में शांति हो, पूरे विश्व का कल्याण हो, पूरे विश्व को दीर्घायु, शतायु और निरोगी काया की प्राप्ति होने की कामनाएं की गई। यह महायज्ञ तब तक जारी रहेगा जब तक संकल्प पूर्ण ना हो जाए।

## नए घाटों तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग बनाएं

### संभागायुक्त और कलेक्टर सुबह घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे-आवागमन और यातायात प्लानिंग पर जोर



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ की तैयारियों के बीच प्रशासन ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने पर खास फोकस शुरू कर दिया है। आज रविवार सुबह संभागायुक्त और कलेक्टर ने शिप्रा नदी तट पर निर्माणाधीन नवीन घाटों का निरीक्षण किया तथा इन घाटों तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग तय करने पर जोर दिया।

संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने त्रिवेणी क्षेत्र स्थित शनि मंदिर के पास बन रहे घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सिंहस्थ के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नए घाटों तक श्रद्धालुओं के आने और जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते मार्ग योजना तैयार नहीं की गई तो मेले के दौरान अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। इसलिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मार्गों की प्लानिंग अभी से फाइनल कर जमीन पर अमल शुरू किया जाए। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को भी इसी योजना से जोडने् के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के सीधे घाटों तक पहुंच सकें। प्रशासन का मानना है कि नए घाटों तक आसानी से पहुंच बनाना सिंहस्थ 2028 की व्यवस्थाओं का सबसे अहम हिस्सा होगा, जिससे भीड़ का दबाव कम होगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## महाकाल की भस्म आरती में क्रिकेटर यास्तिका भाटिया हुईं भाव-विभोर



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी यास्तिका भाटिया ने रविवार सुबह भगवान महाकालेश्वर की तडक़े होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए और भाव-विभोर हुईं। यास्तिका भाटिया ने भगवान महाकाल की आरती में भाग लिया। दर्शन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए यास्तिका भाटिया ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने आई थीं। भस्म आरती के दौरान मंदिर में गूंजते मंत्रों, डमरू और शंख की ध्वनि ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। मंदिर परिसर में पहुंचने पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

## पंचक्रोशी की शुरुआत ... एक दिन पहले ही पिंगलेश्वर पड़ाव पहुंचे हजारों श्रद्धालु

### 10-12 हजार ने किए पिंगलेश्वर महादेव के दर्शन - दूसरे पड़ाव की ओर निकल पड़े



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को वैशाख मास की दशमी तिथि से शुरू होने वाली पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हुआ, लेकिन आस्था का उत्साह ऐसा रहा कि हजारों श्रद्धालु एक दिन पहले ही पहले पड़ाव पिंगलेश्वर पहुंच गए। पहले ही दिन करीब 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान पिंगलेश्वर के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की और सुबह अगले पड़ाव की ओर निकल पड़े।

उल्लेखनीय है कि करीब 118 किलोमीटर लंबी इस धार्मिक परिक्रमा में शामिल होने के लिए प्रदेश सहित देशभर से श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं। प्रशासन और नगर निगम ने हीरामिल की चाल स्थित प्रवेश द्वार के पंडाल में व्यवस्थाएं की , लेकिन एक दिन पहले शनिवार को ही हजारों लोग शाम तक यात्रा पर निकलते रहे। रविवार को पिंगलेश्वर पड़ाव पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। जिला प्रशासन ने यात्रा को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। सभी निर्धारित पड़ाव ग्रामों में छाया, पेयजल, अस्थायी शौचालय और बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है। पिंगलेश्वर में चिकित्सा विभाग ने स्वास्थ्य शिविर के साथ 10 बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल भी शुरू किया है, जहां चिकित्सकीय टीम तैनात है। यात्रा मार्ग पर विद्युत विभाग द्वारा प्रकाश व्यवस्था भी की गई है। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं की सेवा में जलपान, भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाल रखी है। स्थानीय किसानों और पीएचई विभाग द्वारा भी जगह-जगह पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कुमट ने देर रात अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया था। रविवार

सुबह भी पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन कर बल लेने वाले पंचकोशी यात्रियों की भीड़ थी। यहां से अलग-अलग जत्थे पहले पड़ाव की ओर निकल रहे थे।

## गिरफ्त में बालिका से दुराचार करने वाला आरोपी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रात में टायलेट के लिये बहार बनी बाथरूम में आई बालिका को मुंह दबाकर जबरदस्ती अपने साथ खेत में ले जाकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका की शिकायत पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

इंगोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली बालिका ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में 11 बजे के लगभग वह टायलेट के लिये बाहर बनी बाथरूम में आई थी। उसी दौरान पंकज बैरागी ने उसका मुंह दबाया और जबरदस्ती खेत में ले जाकर गलत काम किया। पंकज ने धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने मामला गंभीर होने पर तत्काल बालिका की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 65 (2), 351 (3) बीएनएस के साथ 1/4 पास्को एक्ट और एसटीएसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एएसआई कनीराम डिंडोर, दिनेश डोडियार, चैनसिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक अशोक कटारा, आरक्षक रामचंद्र चौहान की टीम बनाई। 48 घंटे की तलाश के बाद शुक्रवार रात आरोपी पंकज पिता मुरलीदास बैरागी निवासी ग्राम सुवासा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## छात्र बोला नकाबपोशों ने मारी गोली, मामला संदिग्ध



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार रविवार रात को ढांचा भवन में रहने वाला छात्र घायल हालत में थाने पहुंचा उसके पैर में गोली लगी थी, उसने बताया कि दो नकाबपोशों ने मारी है एक्टिवा से आए थे, पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंच कर जांच शुरू की प्रारंभिक रूप से मामला संदिग्ध होना सामने आ रहा है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि रात में ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपिन माहुरकर घायल हालत में थाने आया था, उसने काली एक्टिवा पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों द्वारा गोली मारने की बात कही। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया और बयान दर्ज कर मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया। घायल ने बताया कि वह कक्षा 12वीं का छात्र है। रात को घर लौटते समय उसे क्षेत्र के ही मंदिर के समीप रोककर बदमाशों ने गोली मारी है। घायल ने शंका जताई कि उसे पर गोली चलाने वालों में आला बाथम शामिल था जिससे एक माह पहले विवाद हुआ था, लेकिन पुलिस का मानना है कि मामला दो गुटों के बीच चल रहे विवाद का है। घायल कुख्यात गैंग के बदमाशों से जुड़ा हुआ, छात्र जिस तरीके से घायल हुआ है वह पूरी तरह से संदिग्ध लग रहा है, घटनास्थल पर भी इस तरह गोली चलने की पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन वहां खून जरूर मिला है, जिस पर हमले का आरोप लगाया जा रहा है वह भी शहर में कई दिनों से मौजूद नहीं है ऐसी जानकारी सामने आ रही है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी है जल्दी मामले का पटाक्षेप दिया जाएगा

## केंद्र सरकार का संयुक्त सचिव बनाकर भस्म आरती का प्रयास

### प्रशासन को गुमराह कर सर्किट हाउस में बुक कराये थे कमरे



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र सरकार का संयुक्त सचिव बनाकर भस्म आरती का प्रयास करने वाले फर्जी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी सचिव ने प्रशासन को गुमराह करते हुए सर्किट हाउस में कमरा भी बुक करा लिए थे।

दिल्ली के द्वारकापुरी से अतुल कुमार नामक व्यक्ति परिवार के साथ उज्जैन पहुंचा था। उसके द्वारा प्रशासन को गुमराह किया गया और सर्किट हाउस में दो कमरे बुक करने की बात कही, यही नहीं महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के लिए विशेष व्यवस्था की मांग करते हुए खुद को केंद्र सरकार के एविएशन मंत्रालय का संयुक्त सचिव होना बताया। उसके द्वारा महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारी प्रथम कौशिक को भी कॉल किया गया। अतुल कुमार महाकाल मंदिर समिति के अधिकारी और प्रशासन को बरगलाने में सफल रहा लेकिन जब शनिवार शाम को सर्किट हाउस पहुंचा तो वहां के कर्मचारियों द्वारा पहचान पत्र दिखाने की बात कही गई। अतुल कुमार ने सर्किट हाउस स्टाफ को बरगलाने का प्रयास किया लेकिन उसे पर संदेह हो गया। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और केंद्र सरकार के मंत्रालय से संपर्क किया गया इस दौरान सामने आया कि इस नाम का कोई व्यक्ति मंत्रालय में पदस्थ नहीं है। महाकाल थाना पुलिस ने फर्जी तरीके से महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती की अनुमति प्राप्त कर विशेष व्यवस्था की मांग करने वाले अतुल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ की जा रही है बताया जा रहा है कि वह एयरपोर्ट पर ड्यूटी मैनेजर के रूप में काम करता है। फिलहाल पूछताछ जारी है संभावना है कि उसके द्वारा खुद को उच्च अधिकारी बताकर उठाई गई शासकीय सुविधाओं के कुछ और मामले सामने आ सकते हैं।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के नाम से भी भेजा पत्र- मामले की पुष्टि होते ही आरोपी को देर रात महाकाल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के नाम से भी पत्र भेजने की बात स्वीकार की है। उसने अपने परिवार में आईएएस अधिकारी होने का हवाला देकर भी प्रभाव बनाने की कोशिश की थी। मंदिर के सुरक्षा प्रभारी जयंत राठौर के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके साथ मौजूद लोगों की इस फर्जीवाड़े में क्या भूमिका रही है।

## कलेक्टर श्री सिंह के नेतृत्व में जिले में नरवाई प्रबंधन के प्रयासों को मिल रही है सफलता

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में नरवाई प्रबंधन के प्रयासों को सफलता प्राप्त हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा हार्वेस्टर संचालकों, किसानों से सतत् संवाद कर नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया गया है। उक्त प्रयासों से जिले के महिदपुर विकासखंड में नरवाई ना जला कर किसानों और हार्वेस्टर संचालक द्वारा गौशाला को भूसा दान में दिया। नरवाई प्रबंधन के सफलता पूर्वक प्रयासों की सफलता से रविवार को स्ट्रॉ रीपर संचालक और किसानों द्वारा श्री कृष्ण गौशाला ग्राम खेड़ा मददा विकासखंड महिदपुर में भूसा डोनेट किया गया, जिससे नरवाई प्रबंधन कार्य के साथ पशु आहार भी उपलब्ध हुआ। कार्यक्रम में ग्राम लसुड़िया के श्री दिलीप सिंह, श्री प्रधान सिंह ग्राम खेड़ामादा, श्री राकेश ग्राम खेड़ा मददा , कनु एग्रो टेक से श्री अर्पित राठौड़, कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

## सिंहस्थ के दौरान इंदौर-देवास से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थान और घाट तक पहुंचने के मार्ग की माईक्रो प्लानिंग तैयार करें- संभागायुक्त श्री सिंह



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने रविवार सुबह सात बजे से सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत त्रिवेणी श्री शनि मंदिर के समीप निर्माणाधीन घाट निर्माण कार्य और श्रद्धालुओं के घाट तक पहुंचने के लिए स्थल का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सिंहस्थ के दौरान इंदौर-देवास की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन पार्किंग कराने और स्नान के लिए घाट तक पहुंचाने के मार्ग के लिए माईक्रो प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विश्व स्तरीय सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शिप्रा नदी पर 29 किलोमीटर के नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। रविवार को संभागायुक्त श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान त्रिवेणी स्थित श्री शनि मंदिर के समीप नमामि शिप्रा परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 02 के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में नवीन घाट निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद जल संसाधन विभाग अधिकारियों ने नवीन घाट निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। संभागायुक्त श्री सिंह ने घाट निर्माण कार्य के साथ ही घाट के पहुंच मार्ग के लिए पैदल भ्रमण करते हुए मार्ग की स्थिति देखी। संभागायुक्त श्री सिंह ने मौके पर ही पुलिस विभाग के यातायात डीएसपी व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के दौरान पार्किंग स्थल और श्रद्धालुओं के आने के मार्ग निर्धारण के बाद ही घाट पर श्रद्धालुओं के उतरने के स्ट्रेक्चर तैयार किए जाएं।

संभाग आयुक्त श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने वन विभाग के इको पार्क रोपणी के सामने सिंहस्थ 2016 में निर्मित किए गए वीआईपी घाट की स्थिति भी देखी। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान एवं सामान्य दिनों में भी भीड़ का दबाव रहेगा। इसके अनुसार ही भीड़ और यातायात प्रबंधन का प्लान तैयार करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्माण कार्य कराने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के अंतर्गत प्रचलित कार्यों में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग किया जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए प्रचलित कार्यों की गति बढ़ाकर समय सीमा में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ श्री संदीप सोनी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

शिप्रा नदी के घाटों पर प्रति घंटे कितने श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे इसका भी प्लान बना लें - संभागायुक्त श्री सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के दौरान शिप्रा नदी के घाटों पर प्रति घंटे में कितने श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। इसका आंकलन कर प्लान बनाकर तैयार रखें। जिससे श्रद्धालुओं के प्रति घंटे घाट पर स्नान करने की संख्या का अनुमान हो सकेगा। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वाहनों के निर्धारित पार्किंग स्थलों पर जगह की स्थिति देखकर प्लान कर लें कि एक समय में कितने वाहन पार्किंग हो सकेंगे। प्लान तैयार होने के बाद पार्किंग व्यवस्था में सुगमता होगी।

## नीलगंगा क्षेत्र में दो भाइयों पर चाकू से हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मामा भांजे की दरगाह के पास रात में दो भाइयों पर क्षेत्र में ही रहने -वाले बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस -ने घायलों के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के मामा भांजे की दरगाह - के पास रहने वाले आकाश पिता नंदकिशोर प्रजापत और उसके बड़े भाई अनिल प्रजापत को रात में उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया था दोनों भाइयों पर चाकू से हमला हुआ था। चाकूबाजी की खबर लगते ही रात में पुलिस अस्पताल - पहुंची और घायल भाइयों के बयान दर्ज किए गए। घायल आकाश ने बताया कि क्षेत्र में ही रहने वाला विक्की उर्फ कालू तोमर उसकी पत्नी को मोबाइल पर कॉल करता है। रात में उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने अपने साथी महेश बत्ती के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है हमला करने वाले विक्की की तलाश की जा रही है। मामला पुराने विवाद से भी जुड़ा हुआ है। जल्द ही हमला करने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ग्राम पंचायत ठुकराल में जनभागीदारी से हुआ तालाब गहरीकरण बना जलसंवर्धन की मिसाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की तराना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ठुकराल ने जलसंवर्धन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यहां सरपंच, सचिव और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से बिना किसी सरकारी खर्च के तालाब का गहरीकरण किया गया, जिसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। दरअसल, जनपद पंचायत सीईओ श्री प्रमोदकुमार सिंह ने हाल ही में आयोजित जलसंवर्धन कार्यशाला में सरपंचों और सचिवों को संबोधित करते हुए उन्हें जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विभिन्न सफल उदाहरणों के साथ 'जहां चाह, वहां राह' का संदेश देते हुए दशरथ मांझी का भी उल्लेख किया, जिससे उपस्थित जनप्रतिनिधि प्रेरित हुए।